शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 45 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 11 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'आजमगढ़ विकास के कई नए अध्याय लिख रहा'

## आज केवल आजमगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई विकास परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ किया गया: पीएम



**आजमगढ़**

**आजमगढ़** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मंदुरी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 34,700 करोड़ रुपये मूल्य की देशभर की 782 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा में कहा कि पिछड़ा माने जाने वाला आजमगढ़ आज विकास के कई नए अध्याय लिख रहा है। आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। आज केवल आजमगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास के लिए कई विकास परियोजनाओं का यहां से शुभारंभ हो रहा है। जिस आजमगढ़ को पिछडे इलाकों के रूप में गिनते थे वही आज विकास का नया अध्याय लिख रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों की करीब 34,700 करोड़ की 782 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने पूर्वांचल में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि आज यह क्षेत्र जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर उठ रहा है। विकास पर लोगों के इस भरोसे से विपक्ष के इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टीकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ की जनता ने भी दिखा दिया कि परिवार के लोग जहां अपना गढ़ समझते थे, वो भी ढह चुके हैं। विकास परियोजनाओं को राजनीतिक कहने वाले विपक्ष के नेताओं को प्रधानमंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ उनका उद्घाटन भी हुआ है।

## गिनाई आजमगढ़ के विकास की गाथा...

**सीएम योगी** ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर गांव-गरीब, नौजवान-किसान समेत हर तबके को उपलब्ध करा रही है। डबल इंजन की सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में नौजवानों की आजीविका की चिंता कर रही है तो आस्था को सम्मान भी दे रही है। सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी बना रही है तो समृद्धि के मार्ग पर भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। आजमगढ़ जनपद में 11.30 लाख आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि में साढ़े सात लाख किसानों को 1940 करोड़ रुपये प्राप्त हुए



हैं। उज्ज्वला योजना में तीन लाख लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिले। पीएम आवास (ग्रामीण) 1.10 लाख व शहरी क्षेत्र में 17 हजार लाभार्थियों को आजमगढ़ में आवास उपलब्ध कराया गया। जल जीवन मिशन में 4.20 लाख से अधिक घरों को हर घर जल योजना से जोड़ा गया। स्वच्छ भारत मिशन में 5.20 लाख परिवारों को शौचालय प्राप्त हुआ। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आजमगढ़ के एक लाख युवाओं को टैबलेट-लैपटॉप देने का कार्य हुआ।

**आजमगढ़ में मनी की बौछार कर रहे पीएम : सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज उसी आजमगढ़ में प्रधानमंत्री 'मनी की बौछार' कर रहे हैं। वे यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं। मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ को 10 वर्ष के अंदर न केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण देने, बल्कि विकास-आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोककल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम मोदी का आभार भी जताया।

## होली के पहले हजारों करोड़ रुपये का उपहार दे रहे पीएमः योगी



मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ की कला को नई पहचान देने के लिए हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को एक जिला, एक उत्पाद के रूप में देश-दुनिया में पहचान दी है। ब्लैक पॉटरी और मुबारकपुर की रेशमी साड़ियों को भी सात वर्ष के अंदर नई पहचान प्राप्त हो रही है। श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय भी बनकर तैयार हुआ है। पहले आजमगढ़ के नाम पर लोग भयभीत होते थे, वही आजमगढ़ आज कला, शिक्षा-साहित्यकारों व विकास के लिए देश-दुनिया के अंदर पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के योग्य मार्गदर्शन व नेतृत्व के कारण आजमगढ़ को पुरातन पहचान मिली है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश नए भारत का दर्शन कर रहा है। प्रदेश के अंदर रेल व राष्ट्रीय राजमार्गों की नई सौगात भी प्राप्त हो रही है। होली के पहले उप्रवासियों को हजारों करोड़ रुपये का उपहार मिल रहा है। सीएम ने कहा कि आजमगढ़ काशी व गोरखपुर के बीच महत्वपूर्ण स्थल के रूप में उभरा है। आजमगढ़ को विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से नई पहचान मिल सके। पिछले 10 वर्ष में पीएम के मार्गदर्शन व प्रदेश में सात वर्षों में डबल इंजन की सरकार के कारण विकास और लोककल्याण की योजनाएं तेजी से बढ़ी हैं।

## राष्ट्रपति से मिलेगा आईएनडीआईए गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल

**रांची**

आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्ट्रपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। अतः प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये। इसकी जानकारी खुद विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को दी है। उन्होंने बताया कि झारखंडी अस्मिता से जुड़े प्रमुख मांग और बिल जैसे सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति आधारित बिल झारखंड विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा गया था। इसमें कुछ विधेयक को राजभवन ने वापस कर दिया। इसके बाद फिर से विधानसभा से इन विधेयकों को पास करके राज्यपाल के पास भेजा गया है। इन तमाम मांगों को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता है।

## बेंगलुरु में बड़ा जल संकट! बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

**बेंगलुरु**

**गत वर्ष** कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। मुश्किल हालात में स्कूलों को बंद कर दिया गया है और कोचिंग सेंटरों ने भी आपात स्थिति की घोषणा करते हुए छात्रों से वर्चुअली कक्षाएं लेने को कहा गया है।

**सीएम आवास में हो रही टैंकरों से पानी की आपूर्ति**

आलम यह है कि राजधानी में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के आवास में पानी के टैंकरों से पानी की आपूर्ति हो रही है। हालांकि, सरकार ने जल्द ही जरूरी कदम उठाने की बात कही है। वर्ष 2023 में अल-नीनो प्रभाव के कारण कम बारिश हुई। ऐसे में बेंगलुरु समेत कर्नाटक में जल संकट गहरा गया है। आलम यह है कि कर्नाटक में 123 को सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है और 109 गंभीर रूप से प्रभावित हैं।

## टीएमसी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में आयोजित जनगर्जन सभा के मंच से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और राज्यसभा से बहिष्कृत सांसद महुआ मोइत्रा का नाम भी शामिल है। आरामबाग की मौजूदा सांसद अपरूपा पोद्दार और बैरकपुर के सांसद अर्जुन सिंह को इस सूची से बाहर रखा गया है। तृणमूल कांग्रेस ने पहली बार किसी



सार्वजनिक सभा के मंच से लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। नाम के घोषणा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच से सटे रैंप पर टहलते हुए ब्रिगेड मैदान में मौजूद तृणमूल समर्थकों का अभिवादन किया। तृणमूल ने इस बार अलीपुरद्वार से प्रकाश चिक बड़ाइक, आरामबाग से मिताली बाग, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बरहामपुर से युफूफ पठान, बालुरघाट से बिप्लब मित्रा, बनगांव से विश्वजीत दास, बांकुड़ा से अरूप चक्रवर्ती, बिष्णुपुर से सुजाता खां, बारासात से काकली घोष दस्तीदार, बर्दवान पूर्व से शर्मिला सरकार, बैरकपुर से पार्थ भौमिक, बशीरहाट से हाजी नुरुल इस्लाम, बीरभूम से शताब्दी रॉय, बोलपुर से असित कुमार मल, बर्दवान-दुगार्पुर से कीर्ति आजाद, कूचबिहार से जगदीश चंद्र बसुनिया।

## मांगों को लेकर रेलवे ट्रैक पर उतरे किसान, ट्रेनों के पहिए थमे

**चंडीगढ़**

**अपनी** मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है। किसानों ने रेल रोको आंदोलन का आगाज किया है। उनका कहना है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी रहा। वहीं किसानों ने एलान किया है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया जाएगा। ट्रेनों को रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के पास ही रोका जाएगा। किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर



रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है। किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। वहीं चार घंटे तक चलने वाले आंदोलन के दौरान किसानों ने आम जनता से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। चार घंटे के रेल रोको आंदोलन में किसानों ने पंजाब के कई जिलों के रेलवे स्टेशनों पर धरना डाला। रेलगाड़ियां ट्रैक पर ही खड़ी रहीं। यात्रियों ने रेल मार्ग की अन्कय मार्ग का सहारा लिया। किसान संगठनों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मांगे सुनने को कहा। किसान मजदूर संघर्ष समिति के किसानों ने भी रविवार को अमृतसर के देवीदासपुरा में राष्ट्रव्यापी रेल रोको आंदोलन के तहत रेलवे ट्रैक को बंद किया। धरने पर बैठ आंदोलनकारियों ने सरकार से मांगे पूरी करने की अपील की। रेल रोको आंदोलन से पंजाब जिले के स्कटेशनों पर ट्रेन रद्द है। पंजाब के नाभा रेलवे स्कटेशन पर यात्री ट्रेन के इंतजार में घंटों खड़े रहे।

## भारत और 4 देशों के ईएफटीए के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता




**नई दिल्ली**

भारत और 4 देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र को शामिल किया गया है।केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में भारत-ईएफटीए ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करके दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई थी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। भारत के साथ समझौता करने वाले ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।गोयल ने समझौते के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाओं में पूरकताएं हैं।

## हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली**

हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद आज वे खड़गे के आवास पर पहुंचे। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष



जेपी नड्डा का उन्हें अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति रूप से अपरिहार्य कारणों से वे भाजपा से इस्तीफा दे रहे हैं। सिंह ने बताया कि अग्निवीर योजना, किसानों का विषय और महिला पहलवानों के मुद्दे पर पार्टी में उनके मतभेद थे। इन्हीं कारणों के चलते उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा।

**पहले से था कांग्रेस से संपर्क**

कांग्रेस में शामिल होने के बाद बृजेंद्र सिंह ने बताया कि यह फैसला उन्होंने अचानक नहीं किया। वह पिछले सात आठ माह से कांग्रेस के संपर्क में थे। टिकट नहीं मिलने की सूचना के कारण भाजपा छोड़ने के सवाल पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि टिकट है या नहीं, किसकी है या किसकी नहीं है, यह सब अटकलबाजी है। मैंने भाजपा छोड़ने का फैसला पहले से ही किया हुआ था।

## तमिलनाडु में द्रमुक से कांग्रेस का गठबंधन

**नई दिल्ली**

कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है। द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं।उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। खड़गे ने तृणमूल के साथ गठबंधन नहीं होने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करें किसानः योगी

### कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय समेत 2236 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

**कुशीनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत 2236 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए प्रदेश के किसानों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान करें। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में मेधा और उर्वरता की कमी



नहीं रही है, किंतु तकनीकी और प्रौद्योगिकी न मिलने के कारण जनपद से पलायन हुआ। कृषि विश्वविद्यालय और गन्ना बीज अनुसंधान कॉलेज किसानों की आमदनी दस गुना बढ़ाने का कार्य करेगा और पलायन को रोकेगा। विकास के मामले में सरकार ने कुशीनगर को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। कृषि विश्वविद्यालय, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेडिकल कालेज जैसे विकास के कार्य हो रहे हैं, जिससे जनपद विकास का नया अध्याय लिख रहा है। यह डबल इंजन की सरकार के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि देश आज दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा रहा है। आज का भारत किसी के सामने झुकता नहीं।अपने कार्य से डिगता नही। भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों के आमदनी बढ़ाने के साथ साथ दुनिया को अपनी ताकत का भी अहसास करा रही है। यह देश को फिर एक बार मोदी सरकार की भावना के साथ काम करने का वक्त है। मुख्यमंत्री ने कृषि मेला का उद्घाटन किया और उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह, प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने समारोह को संबोधित किया। सांसद विजय दुबे, राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह, विधायक पी एन पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल जिले के सभी विधायक , नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल, किरण जायसवाल मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में शामिल रहे।

# हादसा : हाइवे पर पिकअप ने अप्पे को मारी जोरदार टक्कर, दो की मौत- कई घायल

## करछना थाना क्षेत्र के कटका गांव के पास प्रयागराज मीरजापुर हाईवे पर हुई दुर्घटना

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के कटका गांव के पास प्रयागराज मीरजापुर हाईवे पर हुई दुर्घटना मेजा से सवारी भरकर प्रयागराज जा रही अप्पे को कटका गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ओवरटेक करते समय अप्पे को जोरदार टक्कर मार दी। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना भीरपुर चौकी पर दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजा। जहां पर शांति देवी (24) पत्नी शिव सिंगार निवासी रामपुर हरगढ़ जिगना मिजार्पुर व महेश्वर गौरव ठाकुर मिजार्पुर निवासी की मौके पर मौत हो गई ही । मृतका शांति देवी गर्भवती थी। वह अपने ससुर राजमणि के साथ गांव रामपुर हरगढ़ से नैनी अपने मकान खरकौनी जा रही थी। वहीं एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। मैदनिहा मेजा गांव की मीना देवी पत्नी दिनेश कुमार अपने तीन बेटों व तीन बेटियों के साथ लवायन गांव में बर्थडे के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थी। जहां वह लोग कटका गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। दुर्घटना में मीना देवी की तीन बेटियां व एक बेटा पूरी तरह सुरक्षित बच गए। मीना देवी व उसके दो बेटे रंजीत व सोनू घायल हो गए उनको शहर के अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



# श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता है जीव का कल्याण : पं उपेंद्र जी महराज



**नैनी।** नैनी अरैल दक्षिणी लोकपुर रामनगर चौराहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के संगीतमय प्रवचन में कथावाचक पं ब्रह्मर्षी उपेंद्र जी महाराज ने कहा कि लोगों पर संगति का असर जरूर होता है। इसलिए अच्छे लोगों की संगति करना जरूरी है। पं उपेंद्र जी महाराज ने कहा कि पूर्वजों के नाम पर पिण्डदान, गया करना, कथा श्रवण, दान करने से मुक्ति मिलती है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से मोक्ष हुआ। कथा श्रवण मात्र से संसार का हर कुछ संभव है। इसलिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण भी बड़े सौभाग्य से मिलता है। क्योकि श्रीमद्भागवत कथा पृथ्वी पर अमृत के समान है। कहा कि जहां भी कथा वहां अवश्य जाना चाहिए इससे भगवान की कृपा मिलती है। भगवान का कथा श्रवण करने से जीव का हर प्रकार से कल्याण होता है। जब मनुष्य जन्म का सही अर्थ जान लेता है। तो गलत कार्य करना बंद करके भगवान की प्राप्ति और मोक्ष के लिए प्रयासरत होता है। इसलिए भगवान की कथा सुनना जीव के लिए बहुत ही कल्याणकारी है। महाराज ने कहा कि कलयुग के प्रभाव से मनुष्य न जाने कितना गलत कार्य करता है, इससे मनुष्य को बचना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का जो श्रवण करेगा उस पर भगवान की कृपा बनी रहेगी। कहा कि मदिरा पीना तो दूर मदिरा पीने के यहां आने जाने वाला भी पाप का भागी बनता है। इसलिए संसार के माया का चक्कर में न पडकर भगवान की कृपा के लिए भक्ति करें। कहा कि भगवान की कथा समुद्र है इसका पता लगाने की कोशिश नही करना चाहिए बल्कि जो प्रभु की कथा मिल जाये वह बहुत ही है। कथा के श्रवण से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। कथास्थल, पूजा स्थल में कलयुग का असर नही दिखता है। इस मौके पर मुख्य यजमान श्याम जी शुक्ल. इंद्रकली शुक्ला. राधेश्याम शुक्ल. सरोज शुक्ल. प्रमोद शुक्ल. निखिल शुक्ल. उमाशंकर मिश्र. अजय. सुधीर. राजेश. सर्वेश. बीजेपी नेता रहीस चंद्र शुक्ल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकार की मजदूर विरोधी नीतियां श्रमिकों को कमजोर कर रहीं हैं



### इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ के वार्षिक सम्मेलन में संघ ने सरकार पर लगाया श्रम कानूनों को खत्म करने का आरोप

**फूलपुर।** वर्तमान केंद्र और प्रदेश की सरकारें मजदूर विरोधी है। 44 श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम कोड बिल लागू करके देश में श्रमिकों को गुलामी की ओर ले जाने की साजिश की जा रही है। सरकार की मजदूर विरोधी नीतियां गरीब मजदूरों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही हैं। जिसका जवाब सरकार को 2024 के चुनाव में श्रमिक वर्ग जरूर देगा। यह बातें रविवार को फूलपुर के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरेभुलई गांव में आयोजित इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ संबद्ध एक्टू के 24 वें वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष कामरेड विजय यादव ने कही। सम्मेलन का संचालन करते हुए यूनियन के महामंत्री कामरेड त्रिलोकीनाथ पटेल ने कहा कि इफको प्रबंधन द्वारा श्रमिकों का लगातार शोषण किया जा रहा है। वही मंत्री देवानंद ने कहा की श्रमिकों के हित के लिए संघ सदैव संघर्षरत रहेगा। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें जयप्रकाश प्रजापति को अध्यक्ष, श्याम नारायण यादव को उपाध्यक्ष तथा देवानंद को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। वहीं लाल जी यादव संयुक्त मंत्री ,राजनाथ यादव कोषाध्यक्ष, किशोरी लाल संगठन मंत्री ,नान्दू दास कार्यालय मंत्री, रमाशंकर मौर्य प्रचार मंत्री,व राम अभिलाष ,मूलचंद प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद पटेल ,अमर सिंह, मनोज कुमार ,राम अचल एवं मान सिंह यादव सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए। कार्यक्रम में किसान महासभा के नेता कामरेड सुभाष पटेल, रामचंद्र यादव, जगदीश सिंह, लल्लू प्रसाद पटेल, सुभाष चंद्र यादव, कमल सिंह यादव आदि सैकड़ों की संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

## कुंडी तोड़कर कॉलेज से नगदी समेत लाखों का सामान चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के शेख अहमदपुर गांव स्थित चंद्रा आई टी आई कॉलेज में चोरों ने मौका देखकर कार्यालय के दरवाजे की कुंडी तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह जानकारी होने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया। कार्यालय के अंदर रखा हुआ फीस का पच्चीस हजार रुपए नगद, प्रिंटर, एलसीडी, सीपीयू , मॉनिटर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बर्तन एवं जरूरी कागजात आदि सामान चोरी हो गए। जिसकी लागत करीब ढाई लाख रुपए बताया जा रहा है। मामले के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने लिखित तहरीर थरवई थाने में देकर पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है।

# तीन पहिया मालवाहक व पिकअप में भिड़ंत फल विक्रेता की दर्दनाक मौत

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर नेशनल हाईवे संसार ढाबा के पास रविवार को संतरा लाद कर जा रहे तीन पहिया माल वाहक में ओवरटेकिंग के चक्कर में पिकअप में भिड़ंत हो गई जिसमें पिकअप पलट गया वहीं चालक सुरक्षित रहा संतरा से भरी थ्री व्हीलर में बैठे फल विक्रेता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज के थाना प्रामुक्ति लालबारा निवासी अशोक कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह जो फल विक्रेता थे। रविवार को अपने तीन पहिया मालवाहक गाड़ी में संतरा लाद कर मुंडेरा से नीमी थरिया के लिए जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे जलालपुर संसार ढाबा के पास पहुंचा था कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही पिकअप में ओवर टेकिंग के चक्कर में जोरदार टक्कर हो गई। वहीं आगे जाकर पिकअप पलट गया। जिसमें चालक सुरक्षित रहा तथा तीन पहिया माल वाहक में बैठे फल विक्रेता अशोक कुमार पुत्र गुलाब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक अशोक कुमार के दो बेटे व एक बेटी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।अशोक कुमार की मौत से पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कार ने ब्रेक लगाई पीछे ट्रक ने कार को टक्कर मार कर उठा दिया सभी बाल बाल बचे

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना पडाव चौराहा फोरलेन पर रविवार को सुबह प्रयागराज की ओर से आ रही कार पर बैठे पांच लोग जो अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे दूसरी ओर अचानक ई रिक्शा को देख कर कार ने ब्रेक लगा दी।पीछे ट्रक ने कार में टक्कर मार कर उठा दिया। कार में बैठे सभी लोग सकुशल रहे जबकि कई पोल टूटने से डिवाइडर पर बैठी एक विक्षिप्त महिला को गंभीर चोटें आयी है।जिसे स्वरूप रानी के लिए एम्बुलेंस लेकर चली गई। जबकि कार सवारों को मामूली खरौंच आयी।इस भीषण घटना को देख कर सभी ई रिक्शा को दोषी ठहरा रहे हैं। बहरहाल पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को खडी करा लिया है।



## सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने स्वच्छता अभियान चलाया



**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने माघ मेला समापन के पश्चात महाशिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन अपना स्वच्छता अभियान श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर से पुनः प्रारंभ किया। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार केसरवानी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के पश्चात मंदिर परिसर में कोने कोने की सफाई सरस्वती परिवार की टीम द्वारा की गई। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की,कि सभी लोग सनातन संस्कृति के परिचायक आस्था के मंदिरों पर स्वच्छता रखने में सहयोग प्रदान करें। वहीं पदाधिकारी ऋषि दीक्षित ने कहा जहां पर साफ सफाई होती है। वहीं ईश्वर का वास होता है इसलिए साथ आये और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में संतोष तिवारी , कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव, पुष्पेंद्र कुमार द्विवेदी, विनोद गुरानी,धीरज राजवानी, अभिषेक यादव, अनुज चौरसिया, अनन्या चौरसिया, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना होगा : रुचि तिवारी



**मेजा।** महिलाओं को सशक्त एवं ऊजार्वान बनाने के लिए समाज की मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक है। उक्त बातें शिव सेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने एक आपचारिक मुलाकात के दौरान प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं युवा बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें सशक्त बनाना होगा ताकि वे अच्छे समाज के साथ साथ देश की राजनीति में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करना हमारे समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। समाज में उनके योगदान का सम्मान तथा उनकी अच्छी सोच की सराहना की जाए।

## सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव हिमांशु सिंह का हुआ भव्य स्वागत




**मेजा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी ने मेजा विधानसभा क्षेत्र के भड़ेवरा गाँव निवासी हिमांशु सिंह को प्रदेश सचिव नामित किया है। हिमांशु सिंह सपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह के सुपुत्र हैं और पार्टी के संघर्षो और आंदोलनों में हमेशा सक्रिय रहते हैं। हर साल यूथ मिलन समारोह का आयोजन कर- के हिमांशु सिंह युवाओं में लोकप्रिय हैं।प्रदेश सचिव मनोनीत होने की जानकारी मिलने के बाद मेजा और जमुनापार के पार्टी कार्यकताओं और खासकर युवाओं ने उनके आवास मेजा के भड़ेवरा गांव पहुंचकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव जिन्दाबाद के नारों से पूरा गांव गुंजायमान रहा। इस मौके पर स्वागत करने वालों मे प्रमुख रुप से प्रेम चंद यादव, फिरोज खान,भोला पाल, शिवा नन्द शुक्ल,विजय बहादुर कुशवाहा, मौजी लाल पाल, अरविंद यादव,कल्लू शर्मा, चंदू यादव, इन्द्र जीत यादव, कमलेश यादव, संदीप यादव, चंचल जैसल, कुलदीप सिंह, विकास सिंह, अमित मिश्रा, अमित बिंद, हरीशंकर , मोहित शर्मा, अभिषेक सिंह,विनोद शर्मा, राम सिंह यादव, कृष्णा शर्मा, रामू सैनी,दुर्गेश शर्मा सहित कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता सकरामऊ, हरिसेनगंज में सम्पन्न

**मऊआइमा।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत स्नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता सकरामऊ, हरिसेनगंज में सम्पन्न ारकार द्वारा आयोजित मेरा भारत विकसित भारत के अंतर्गत नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता छत्रपति शिवाजी बालिका विद्यालय सकरामऊ हरिसेनगंज में सम्पन्न हुई। यह कार्यक्रम जागृति पांडे जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के निर्देशन में एवं अदनान उल्ला खान लेखा लिपिक एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के सह निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विकासखंड मऊआइमा की सैकडों बालिकाओं ने नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें से प्रथम स्थान अंजलि, द्वितीय स्थान नन्दनी, तृतीय स्थान अनुष्का , का रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमा कुशवाहा प्रधानाचार्य छत्रपति शिवाजी बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरामऊ रही। विशिष्टअतिथि के रूप में मोहिनी पटेल सहायक अध्यापक कल्पना पटेल सहायक अध्यापक किरण पटेल सहायक अध्यापक घनश्याम पटेल लिपिक आदि रहे।

# गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है : आचार्य हरिहर

**करछना।** जन कल्याण हेतु करछना के हनुमानपुर गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए इलाकाई भक्त श्रोता लोगो की भीड़ जुट रही है । प्रयागराज धाम से पधारे कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य हरिहर महाराज जी ने कथा के छठवें दिन रविवार को कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर मौजूद भक्त श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया । उन्होंने संगीतमय प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर भी कर दिया । कथावाचक आचार्य हरिहर महाराज ने कहा कि गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है । गोपिया जितना प्रेम जीव को परमात्मा तक पहुंचा सकती हैं । उतना ही परमात्मा भी जीव को पहुंचाता है।उन्होंने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि आखिरकार आतताई कंस का कृष्ण ने बध कर दिया। विवाह प्रसंग सुनाते हुए संगीतमय भजनों पर श्रोता झूमने को विवश हो गए। करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी व भाजपा यमुना पार जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय की ओर से कथा व्यास का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के मुख्य श्रोता यजमान आशाराम द्विवेदी व शकुंतला देवी की ओर से कुलगुरु पं चंद्र भूषण मिश्र व कथा व्यास हरिहर जी महाराज सहित पुराणवाचक पं हरिकांत मिश्र , आचार्य लवकुश शुक्ल का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक राजेश चंद्र द्विवेदी व संयोजक राम मनोहर लोहिया व एडवोकेट उमेश कुमार द्विवेदी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। सायं कालीन में भागवत भगवान की सामूहिक रूप से आरती की गई । इस मौके पर प्रदीप पांडेय , राम बिहारी द्विवेदी , मिथिलेश मिश्र, विवेक मिश्र, महेश चंद मिश्र, प्रकाश नारायण द्विवेदी , दयाशंकर शुक्ल, विजय शंकर पांडेय , बांके बिहारी मिश्र सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## भाजपा किसान मोर्चा की हुई बैठक तय की गई रणनीति




**सहसों।** भाजपा किसान मोर्चा गंगापार कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कांत उपाध्याय के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से आह्वान किया कि पिछले 12 फरवरी को प्रारम्भ हुई ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन 12 मार्च को फूलपुर विधान सभा के हेत्तापट्टी बाजार में किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से उत्साहपूर्वक ग्राम परिक्रमा को ऐतिहासिक कराने के लिए अपना अपना सहयोग देने के लिए कहा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से सूर्यप्रकाश तिवारी, काशी दुबे, भूपेन्द्र मिश्र, धरणीधर त्रिपाठी, महामंत्री ओम प्रकाश गिरी, जिला मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, गुड़िया सिंह, शम्भू पटेल राजेन्द्र शुक्ला, श्याम शलोने, नरेन्द्र सिंह, दीपक, ओम प्रकाश तिवारी, उपेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्र , मनोज तिवारी, सूरज शुक्ल सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार भाजपा युवा नेता व सहसों मंडल मंत्री जयेश केसरवानी के नेतृत्व में सहसों मंडल के बाबूगंज क्षेत्र में विकसित भारत, मोदी की गारंटी वाले प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया एवं विकसित भारत संकल्प पत्र देकर जन जन के सुझाव को एकत्रित किया। इस मौके पर पवन कुमार शुक्ला, सूर्यमणि पांडेय डब्लू , आलोक पांडेय, नीरज जायसवाल सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव कार्यालय का लोकसभा प्रभारी, विधायक चेयर मैन व अन्य नेताओं ने पूजन कर किया उद्घाटन



**कोरांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता बूथों को मजबूत कर पुनः कमल खिलाने का काम करें। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने लोकसभा (52) प्रयागराज के विधानसभा कोरांव में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के दौरान कही। लोकसभा विधायक राजमणि कोल ने कहा कि अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है। लेकिन हमें लोगों के पास जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बताना होगा। लोकसभा प्रयागराज के चुनाव प्रभारी मनोज जायसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी जिन प्रदेशों में भाजपा सत्ता से बाहर है उन प्रदेशों में भी कमल खिलाने का काम बाकी है। इसलिए सभी कार्यकर्ता तन मन और धन से जुट कर जो भी प्रत्याशी बने उसको जिताने का काम करें।लोकसभा चुनाव के संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक बूथों से जितने वोट मिल रहे थे उनसे 370 मत अधिक मिलने का अभियान चलाया है। जिसके लिए कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 370 वोट जब प्रत्येक बूथों से बढ़ेंगे तो हमारा आंकड़ा 400 के पार अपने आप पहुंच जाएगा। कोरांव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी, अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, राम नवल सिंह, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, रामाश्रय शुक्ला, राम कृष्ण केशरी, बबुआन द्विवेदी, नरेंद्र सिंह, मुकेश पाण्डेय, जमुना प्रसाद मिश्र, अनिल मिश्र, सहित पांचों मंडल अध्यक्ष गण व भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### हजरत हाजी यूसुफ शाह बाबा का सालाना उर्स हुआ संपन्न



**जसरा।** हजरत हाजी यूसुफ शाह बाबा का सालाना उर्स हुआ संपन्न । मजार पर लोगों ने चादर चढ़ाई और मन्नतें मांगी तथा कव्वाली का आनंद उठाया। हजरत हाजी यूसुफ शाह बाबा का सालाना उर्स बीती रात संपन्न हुआ । जहां पर लोगों ने युसूफ शाह बाबा के मजार पर चादर चढ़ाई तथा मन्नतें मांगी । हजरत हाजी यूसुफ शाह बाबा क्षेत्र में संप्रदाय की एकता की मिशाल हैं। जहां पर हर वर्ष होने वाले उर्स मेले में हर वर्ग के लोग एकत्र हो करके क्षेत्र में सुखचैन की मन्नतें मांगते हैं । रात भर हुए कव्वाली के आयोजन में लोगों ने बाबा के शान में कौव्वाली का आनंद उठाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से इश्तियाक अहमद उर्फ ठेकेदार ,परवेज अहमद ,हसनैन अहमद, पंडित हरीराम त्रिपाठी , वीरेंद्र शास्त्री ,आवेश अहमद ,मुख्तार अहमद, जमाल अहमद , निहाल अहमद ,जमाल अहमद,मुन्ने खां, बिल्लू बादशाह, महमूद अहमद आदि लोग कौव्वाली में शामिल रहे।

### नेदुला सरजूपट्टी मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे आवागमन बाधित



**जंघई।** चौका- बरना संपर्क मार्ग में नेदुला से सरजूपट्टी तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कई वर्षो से नहीं हुई है जिसके कारण सड़क जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। बार बार ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को सड़क की मरम्मत हेतु प्रार्थना पत्र दिया लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है। सड़क में अधिक गड्ढे होने के कारण सड़क पर जल जमाव हो जाता है जिसमें लोग गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत हेतु विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग किया है कि सड़क की मरम्मत अतिशीघ्र किया जाए जिससे आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

### राशन कार्ड धारकों में वितरित किया गया मोदी गारंटी बैग



**सहसों।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत रविवार को ग्राम पंचायत सहसों के राशन कार्ड धारकों में राशन की दुकान पर मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा मोदी सरकार की गारंटी सभी को अनाज पोषित अनाज प्रिंटेड कैरी बैग को वितरित किया गया। इस मौके पर दुकानदार चंद्रेश कुमार केसरवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सभी को अनाज, पोषित अनाज के चलते पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को एक किलो बाजरा, एक किलो गेहूं तथा 3 किलो चावल दिया जा रहा है। वहीं पर अंत्योदय कार्ड धारकों को 5 किलो बाजरा दिया जाएगा। जिसका वितरण आज से शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर कार्ड धारक ज्ञान चंद्र केसरवानी, शालू गुप्ता ने प्रशंसा करते हुए कहा सरकार का यह कदम महिलाओं सहित बच्चों एवं अन्य परिवार के लोगों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए सराहनीय कदम है। इस अवसर पर रमेश चंद्र बिंद, सुभाष भारतीय, सुरेश कुमार एवं मिट्ठू केसरवानी सहित आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से प्रयागराज में 22 सड़कों का लोकार्पण किया

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से देश भर के विभिन्न स्थानों पर हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमे प्रयागराज की भी 142 करोड़ की लागत से बनी 22 सड़कों के साथ जीटी रोड हनुमानगंज से फूलपुर तक एफडीआर तकनीक से बनी सड़क का भी लोकार्पण किया।

वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री पूरे देश को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चुनाव के समय सिर्फ पत्थर लगते थे और चुनाव के बाद वह गायब हो जाते थे। उन्होंने कहा कि 2019 में हमने जो पत्थर लगाए थे उसको पूरा किया है। फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने प्रयागराज में मिली सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायक प्रवीण पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिसकी मांग हमेशा से की जा रही थी उस इनर रिंग रोड का काम शुरू हो गया है और बहुत तेजी से चल रहा है सबसे बड़ी खुशी की बात है कि इसकी शुरूआत फूलपुर विधानसभा से हुई है। इस रिंग रोड से पूरे प्रयागराज में परिवर्तन देखने को मिलेगा। एमएलसी निर्मला पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधन में राजा सुहेलदेव के जिक्र पर खुशी जाहिर की और कहा कि हमारा पासी समाज नरेंद्र मोदी के साथ है। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग मुकेश चंद्र शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण हरेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, अरविंद तिवारी, गोपीनाथ स्वर्णकार, धर्मेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों की बैठक संपन्न

**झूंसी।** कांग्रेसियों द्वारा अनवर मार्केट में लोक सभा चुनाव की तैयारी तथा बूथ गठन के संबंध में एक आवश्यक बैठक इश्तियाक अहमद के नेतृत्व एव दिवाकर भारतीय की अध्यक्षता मे हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा के साथ कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराने रणनीति बनाई गई। जिसमे प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष छोटे लाल भारतीय, मुस्ताक अहमद बाबा , मो अलीम हाशमी, अमन निषाद, अनिल भारतीय तथा सौरभ श्रीवास्तव, दत्तात्रेय त्रिपाठी , राम लखन यादव, बिजली सिंह यादव, पप्पू यादव, सरफराज खान, गीता पासी, पुष्पेंद्र भारतीय, गुलाम ख्वाजा, संजय भारतीय आदि रहे।

## बलात्कार की कोशिश की कोशिश करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छीतेमऊ पुरवा वाजिदपुर में शनिवार को शाम 17 वर्षीय युवती खेत में चारा काटने गयी थी। आरोप है कि गांव के युवक ने दुराचार का प्रयास किया था। जिससे किशोरी घर आ कर फांसी पर लटक गयी थी। जिसे परिजनों ने तुरन्त बेहोशी की हालत में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया किशोरी के पिता ने रविवार को आरोपी पिंटू यादव पुत्र ललऊ यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# झूंसी-बनारस रेलखंड दोहरीकरण का हुआ लोकार्पण



**झूसी।** रेलवे के झूंसी-बनारस रेलखण्ड के दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से किया। इसका सीधा प्रसारण रविवार की सुबह झूंसी रेलवे स्टेशन पर किया गया। कार्यक्रम में फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि झूंसी-बनारस रेल खंड के दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने बहुत जो कार्य किया है वह अतुलनीय है। भाजपा की सरकार निरंतर विकास की ओर अग्रसरित है। जो कार्य पिछले कई वर्षों में नहीं हो पाया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा कर दिखाया। प्रयागराज में विकास की गंगा बह रही है। 180 किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ रही है। मालगाड़ियों के लिए अलग ट्रैक की व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर गंगापार भाजपा अध्यक्ष कविता पटेल, पार्षद शिवनारायण यादव घुन्नू, अनिल यादव धुन्नू, अशोक यादव नेताजी, सत्या तिवारी, अशोक सिंह, महेंद्र कुशवाहा, दिलीप निषाद, धुव्र निषाद, प्रभाकर दुबे, नोडल अधिकारी अपूर्व स्वर्णकार, स्टेशन अधीक्षक जय प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को उनके रुचि के अनुसार ही उन्हें शिक्षा दें: महापौर




**फाफामऊ।** मलाक हरहर स्थित टीएनकेपी एजुकेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार की देर रात बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने जमकर धमाल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मां बाप और शिक्षक को चाहिए की बच्चे की रुचि किसमें है उसके रुचि के अनुसार ही बच्चों को उसी दिशा में प्रोत्साहित और शिक्षा दे ताकि वह अपने रुचि के अनुसार कम मेहनत में अपने लक्ष्य को पा सके। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में स्कूल में अव्वल स्थान प्राप्त करने वालों बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा की जिला अध्यक्ष कविता पटेल वा अन्य अतिथियों ने संबोधित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी, विद्यालय के निदेशक पवन पांडेय, प्रधानाचार्य अमित मिश्रा, रवि पटेल, पार्षद सुरेंद्र यादव, श्यामबाबू गुप्ता सहित भारी संख्या में छात्र - छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# ...जब महिला अंधविश्वास में आकर अपने गृहस्थी का सामान यमुना में प्रवाहित करने पहुंची

लोगों का कहना है कि पुलिस के काफी प्रयास से महिला मानी

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल पुराने घाट पर रविवार दोपहर उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति हो गई जब एक महिला अपनी गृहस्थी का सारा सामान दो माल वाहक पर लादकर पहुंच गई। मालवाहक में लदी पूरी गृहस्थी को वह यमुना में प्रवाहित करने जा रही थी तभी लोगों ने पुलिस को खबर दे दी। मौके पर पहुंचे अरैल चौकी इंचार्ज परमानंद सिंह ने महिला को रोका तो वह जिद करने लगी। उसका कहना था कि उसके घर के सारे सामान पर किसी ने काला जादू कर दिया है। जिसकी वजह से उसके पिता की मौत हो गई है, उसकी मां बीमार है और वह भी बहुत परेशान चल रही है। चौकी इंचार्ज ने उसे काफी देर तक समझाने का प्रयास किया लेकिन वह किसी भी सूरत में मानने तैयार नहीं थी। जब पुलिस ने महिला से कहा कि अगर उसने यमुना में सामान डाला तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज देंगे। तब जाकर वह अपनी गृहस्थी लेकर वापस चली गई। लोगों का कहना है कि महिला दो मालवाहक में एसी, फ्रिज, कूलर, टीवी, पंखा, बेड, बिस्तर, मेज, कुर्सी, कपड़े, झाड़ू, पोछा, बर्तन, स्टैंड, गैस सिलेंडर, चूल्हा, शीशे, बाल्टी, मग, आलमारी के साथ ही जेवर, नकदी और स्कूटी लेकर आई थी। पुलिस के मुताबिक महिला अरैल स्थित एक अपार्टमेंट में रहती थी। पिछले एक साल से उसके इस अपार्टमेंट में ताला बंद था और वह दिल्ली में रह रही थी। वह दिल्ली से यहां आई थी।

# सांसद के काफिले को रोका, दिखाई टूटी सड़क व बज बजती नालियां



**झूंसी।** लोकार्पण से पहले ही फतवा हनुमानगंज रोड के किनारे बनी पटरी व नाली टूटने से लोगों में आक्रोश है। प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम से लौट रही फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल को लोगों ने रोक कर टूटी सड़क व बजबजाती नालियां दिखाते हुए कार्य में अनिमियत्ता की बात कही। रविवार को दोपहर फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल फतुहा रोड से लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम से लौट रही थी। रास्ते मे व्यपारियो ने सांसद केसरी देवी के काफिले को रोक लिया और बताया कि एफडीआर तकनीक से हनुमानगंज से फूलपुर तक बनी सड़क के किनारे पटरी बैठ गई, नालियां टूट गई जिसके वजह से दूषित पानी सड़क के किनारे भरा है लोग का निकलना मुश्किल हो रहा है। हनुमानगंज व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल ने बताया कि आज प्रधानमंत्री ने हनुमानगंज फूलपुर मार्ग का भी लोकार्पण किया है लेकिन इस सड़क के किनारे बनी हुई पटरी और नाली लोकार्पण के पहले ही जगह-जगह टूट गई थी।

# कताई मिल की मशीनें बेचने एवं विलिडिंग तोड़ने पहुंचे टेंडर कर्मियों को मजदूरों ने भगाया

## बोले- श्रमिकों का बकाया भुगतान किए बिना मिल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा : रामप्रताप

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा स्थित कताई मिल की मशीनरी बिक्री एवं बिल्डिंग ध्वस्ती करण का शासन एवं कंपनी की मिली भगत से किए गए टेंडर के विरुद्ध मजदूरों ने आक्रोश जाहिर करते हुए मिल गेट पर पहुंचे संविदाकार के कर्मचारी को मिल में घुसने से रोक दिया। मजदूर संघ के मंत्री रामप्रताप पांडेय ने कहा कि जब तक प्रबंध निदेशक के समक्ष सक्षम न्यायालय में विचाराधीन विवाद के अनुसार श्रमिकों के देनदारियों का भुगतान नहीं हो जाता तब तक किसी को मिल में प्रवेश नहीं करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिल की स्थिति यथावत बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूरों की देनदारी का भुगतान किए बिना मामले को छिपाकर आपको टेंडर मिला है। क्या आप मजदूरों के देनदारी का भुगतान करेंगे। अन्यथा मजदूर से आप लोगों को आर पार की लड़ाई लड़ना होगा और आपको भी पार्टी बनाया जाएगा। ए एंड जी आयरन उद्योग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड पंजाब के कर्मचारी दलवीर सिंह ने कहा कि हम तब तक काम नही शुरू करेंगे जब तक हमें एनओसी नहीं मिल जाती। हम मजदूरों से विवाद नहीं करेंगे।

# बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, घायल



**झूसी।** रविवार की शाम घर का सामान लेने गये युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। रिठैयां बाजार निवासी रोशन सोनी 30 सामान खरीदने चमनगंज बाजार पैदल गया था। वह घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस की सूचना दी। पुलिस ने घायल रोशन को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# मालिकाना अधिकार के लिए धरना प्रदर्शन जारी




**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर श्रमिक बस्ती, नैनी के निवासियों ने आज मानस पार्क, श्रमिक बस्ती में धरना दिया। धरना दे रहे प्रदर्शनकारिर्यो ने प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। धरना स्थल पर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैए की निंदा की गई। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1978 में केंद्र सरकार ने देश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने हेतु कॉलोनी के मकानो की बिक्री का आदेश दिया था। सभी राज्यों ने इस आदेश को लागू कर दिया। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार अभी तक संशय की स्थिति में है। आंदोलन के संयोजक, श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने धरना स्थल पर प्रदर्शन करियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैनी, लखनऊ, कानपुर व पूरे प्रदेश की इन कॉलोनियों के लाखों आवासों में रहने वाले करोड़ों लोग पूरे प्रदेश की सबसे बड़ी गंभीर इस समस्या से प्रभावित हैं। पिछले 43 वर्षों से श्रम विभाग ने इस मामले को लटका रखा है। मिश्र ने कहा कि 1995 में इन आवासों की बिक्री प्रक्रिया शुरू हुई थी। लेकिन उसे श्रम विभाग ने रोक दिया। जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की।मीडिया प्रभारी विनीत कुमार दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद शाहिद, राघवेंद्र प्रताप सिंह गवर्नर, अमित श्रीवास्तव, भूपेंद्र राय, विनय मिश्र, नंदकिशोर मिश्र, अजमत हुसैन, जगबरन सिंह, विनीत कुमार दुबे मीडिया प्रभारी, उमानंद मिश्र, आत्मानंद श्रीवास्तव, विवेक कुमार द्विवेदी, अरुणा पांडे प्रबंध समिति सदस्यों के अलावा श्रमिक बस्ती के तंजीम खान, राहुल यादव, अमित निषाद, गौरी शंकर केसरवानी, गौरी शंकर केसरवानी आदि निवासी जन उपस्थित रहे।

# जंघई सराय कंसराय के मध्य हरदुआं में रेलवे फाटक बनाने की मांग




**जंघई।** जंघई और सराय कंसराय स्टेशन के बीच में ग्राम सभा हरदुआं पड़ता है जहां पर रेलवे फाटक या अंडरपास ना होने के कारण ग्राम वासियों को बहुत परेशानी हो रही है। आजादी के बाद से ग्रामीणों की ओर मांग किया जा रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि या रेलवे प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है रेलवे फाटक या अंडरपास निर्माण हेतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।अमांई, कमासिन, गुरुगुजी, कसेरवां, बसेरवां, हरदुआं रामनगर, बरबसपुर, दुगार्गंज आने-जाने के लिए परेशानी होती है काफी दूरी यात्रा करनी पड़ती है घूमकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने रेलवे फाटक या अंडरपास बनवाने की मांग को लेकर रविवार को सराय कंसराय स्टेशन पर प्रदर्शन किया एवं थानाध्यक्ष दुगार्गंज के माध्यम से भदोही जिलाधिकारी को? ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरदुआं राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रधान करणपुर अनिल कुमार बिंद, रामनगर प्रधान राकेश कुमार गौतम, रमेशचंद्र मिश्रा, जमुना सिंह, वकील धर्मेंद्र पांडेय, राकेश पांडेय, वीरेंद्र गिरी, बबलू यादव, नंदलाल, प्रजापति, सुरेंद्र, लल्लू गौतम, मंगल मोदनवाल, हरिभान सिंह, बुलबुल मिश्रा, नीलेश दुबे, दादू परमिंदर, पप्पू कनौजिया, रवि सिंह, राजेश सरोज, शिवम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन में गांव की समस्या को अवगत कराते समस्त ग्रामवासियों ने मांग किया है कि फाटक नहीं बना तो लोकसभा चुनाव में भदोही संसदीय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

# इलाहाबाद लोकसभा के विधानसभा कोरांव, मेजा, बारा , करछना, शहर दक्षिणी विधानसभा में भाजपा ने खोले कार्यालय



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद लोकसभा चुनाव संचालन हेतु विधानसभा बारा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ रविवार को काम्या रिसार्ट के सामने मैदा रोड़ तिराहा गडैया जारी मे इलाहाबाद लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति, जिलाध्यक्ष महानगर राजेन्द्र मिश्र, विधानसभा बारा प्रभारी भोलानाथ तिवारी, विधानसभा बारा संयोजक रत्नाकर सिंह पटेल आदि ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने कहा कार्यालय संगठन को चलाने का केंद्र होता है। यहीं से चुनावी गतिविधियों का संचालन सम्पन्न होता हैं। प्रधानमंत्री की सोच है इस बार चार सौ पार, बातावरण भी हमारे पक्ष में है, भाजपा सरकार ने अनगिनत एतिहासिक कार्य किए हैं। सारें विषयों को लेकर जनता के बीच जाना है और प्रत्येक बूथ को पिछली जीत से 370 से अधिक मतों से जीतने के लक्ष्य को संकल्प लेकर पूरा करना है। लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने कहा मोदी ने देश से किए वादे को पूरा किया इसलिए मोदी के सोच को साकार कर पुनः मोदी सरकार बनाना लक्ष्य है। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा सभी कार्यकताओं संगठित होकर कमल खिलाए और कार्यालय को सुचारू रूप से चलाएं, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने हेतू कार्यकताओं को जन-जन से सम्पर्क संवाद स्थापित करने को कहा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने भी कार्यालय शुभारंभ और पूजन अर्चन के अवसर पर उपस्थित रहें और बताया कि विधानसभा सभा कोरांव, विधानसभा मेजा, विधानसभा बारा , विधानसभा करछना और सायं मे विधानसभा दक्षिणी के कार्यालय का शुभारंभ भी उपरोक्त पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी रायचंद दुबे, रमेश दुबे, सुरेश मौर्या, स्वामी नाथ सिंह, जय सिंह पटेल, विक्रमादित्य मौर्य,मनोज गुप्ता, राजमणि पासवान, अमन मिश्रा, शिव प्रसाद केसरवानी, अखिलेश सिंह पटेल,शंकरलाल पांडेय, बृजेश पांडेय,वेदेश दत्त पांडेय, अनूराधा, सुभाष केसरी, धर्मराज पाल, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, मंसुरिया दीन वर्मा, ऋषि मोदनवाल, पंकज पांडेय, दिनेश प्रजापति, सुभाष कन्नौजिया, कांतेश्वर नाथ ठाकुर आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल ने किया भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, फिर एक बार मोदी सरकार का नारा बुलंद कर शंखनाद हुआ।

# बीआरसी में विधालय प्रबंध समिति और प्रधानों की हुई बैठक



**मऊआइमा।** मऊआइमा के बी आर सी में एक विद्यालय प्रबन्धन समिति, ग्रामप्रधान और प्रधानाध्यापक संगोष्ठी का अयोजन शनिवार को हुआ इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेडमास्टर एसआरजी प्रशांत एसएमसी अध्यक्ष ने प्रतिभाग किया खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश तिवारी को उनकी ईमानदारी से प्रभावित होकर ए आर पी टीम उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक चिन्तामणि त्रिपाठी अध्यक्ष, मोहम्मद शफी मन्त्री यशवनत भारतीय कोषाध्यक्ष , जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विरजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे मोहम्मद यासिर इकबाल का अहम योगदान रहा।

# फूलों की होली एवं मयूर नृत्य व एकता के सुरों ने बांधी महोत्सव की खूबसूरत समां, कलाकारों ने तिरंगे की महिमा की प्रस्तुति देकर राष्ट्रीयता का भरा जोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव की शनिवार की शाम भी भजन संकीर्तन तथा भाव नृत्य व तिरंगे की मंच पर दिखी खूबसूरत छटा से सफलता के शीर्ष पर नजर आयी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महोत्सव की संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रस्तुति देने वाले चोटी के कलाकारों को मोमेण्टो तथा शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज से महोत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों ने रात के तीसरे पहर तक जलवा बिखेरा।

लखनऊ के सनी राज म्यूजिकल ग्रुप के रोहित तथा प्रकाश ने शिव वंदना तथा भवागन श्रीगणेश की स्तुति के सुरों का संगम बनाया तो लोग जयघोष के जोश में दिखे। भगवान श्रीराम की भी आराधना के साथ ग्रुप के कलाकारों ने नारी शक्ति की प्रेरणा से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। ऊँ नमः शिवाय तथा राम आये अवध की ओर की आध्यात्मिक प्रस्तुति लोगों में प्रसन्नता देखी गयी। मशहूर कलाकार मीनू तिवारी के होली नृत्य पर भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध देखा गया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने आजु मिथिला नगरिया..., नाचे नन्दलाल.. कजरी कईसे खेलन जईबो पर कलाकार जान्हवी, समृद्धि, प्राची, अंशिका, रीता, साक्षी, जया का धमाल दिखा। फूलों की होली की भावपूर्ण प्रस्तुति को दर्शकों ने जमकर सराहा। इससे उत्साहित कलाकारों ने दर्शक दीर्घा में पहुंचकर फूलों की होली की रंगत चढ़ाई। महोत्सव में गीत और गजल तथा लोकगीत, भोजपुरी का भी देर रात तक धमाल दर्शकों की वाहवाही में दिखा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी व संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया। वहीं शानदार प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सारस्वत सम्मान कर हौसला आफजाई की।



महोत्सव मे मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते कलाकार।

## बाबा घुइसरनाथ की महिमा को लेकर महोत्सव दर्पण का हुआ विमोचन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महोत्सव के अटठाईस वर्षो की उपलब्धियों तथा बाबा घुइसरनाथ की महिमा को लेकर महोत्सव दर्पण का समारोहपूर्वक विमोचन हुआ।

बाबा धाम मे महोत्सव की संयोजिका एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के संपादन में जिले के डीएम संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल अंतिल व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने उन्तीसवें महोत्सव पर स्मारिका की परम्परा को लेकर सराहना की। महोत्सव दर्पण में बाबा घुश्मेश्वर के भव्य आध्यात्मिक गौरव तथा बाबा से जुडी जनश्रुति एवं धाम के माहात्म्य व पर्यटन विकास से जुडी उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव दर्पण-2024 में विधायक मोना ने संपादकीय लेख में धाम के सुयश व सुकीर्ति तथा प्रगति के संकल्प में धाम की उपलब्धियों का बेहतरीन खाका खींचा है। स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगो को बाबा धाम की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की भी वृहद जानकारियां दी गई है। महोत्सव दर्पण मे बाबा घुइसरनाथ के स्वस्फुटित लिंग के सुफल मंगलफल और सई पार स्थित करील के वृक्ष तथा उपलिंग बूढ़ेश्वरनाथ के साथ प्रथम महोत्सव की शुरूआत से लेकर विगत अटठाईस वर्षो से हो रहे महोत्सव की सांस्कृतिक उपलब्धियो पर भी प्रकाश डाला गया है।

## पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर किया गया सम्मानित

### सपा कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर अध्यक्ष मनीष पाल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीष पाल व संचालन जिला महासचिव विशाल मौर्या अंकुर ने किया। बैठक में मुख्य एजेंडा 39-लोकसभा इण्डिया गठबंधन के घोषित समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल को भारी बहुमत से जिताकर अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

तत्पश्चात् समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ संगठन का विस्तार करते हुए मनोज कुमार जायसवाल, संजय यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, अजय प्रताप यादव, रामलाल पटेल, मो.वारिस, चन्द्र पाल बीडीसी, देवराज यादव, उत्तम सिंह, प्रदीप यादव, सुनील यादव, विनोद यादव, अरविन्द यादव को जिम्मेदारी देते हुए मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर राजकुमार प्रजापति, रोहित विश्वकर्मा, सुनील पुष्पजीवी, रामसुंदर यादव, जितेन्द्र कुमार, सैफई सिद्दीकी, सुशील कुमार पाल, अमरजीत यादव, सागर पाल, रामखेलावन यादव, जयसिंह यादव, पप्पू यादव, प्रदीप कुमार सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### जिले के विभिन्न जगहों पर दस मिनट की हुई भारत बंदी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चारों पीठों के शंकराचार्यों से समर्थित गौमाता राष्ट्रमाता महाअभियान के अग्रिम क्रम में परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर गोवंश हत्या मुक्त भारत बनाने हेतु राष्ट्रीय अहिंसक आंदोलन के रूप में रविवार को 10 मिनट हेतु आंशिक भारत बंद आह्वान किया गया था।जिसके तहत पट्टी वासी गौभक्त अपने अपने प्रतिष्ठानों व घरों से बाहर निकल कर सड़को व गलियों में बाहर निकल कर गौमाता राष्ट्रमाता का जयघोष किया। पट्टी नगर, नारंगपुर, बिरौती, आमापुर, सैफाबाद, रेडीगारापुर, सदर बाजार सहित पूरे प्रतापगढ़ जनपद में हुआ सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। इस सभा का संचालन सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष, सुरेश, शिवशंकर, अनिल श्रीवास्तव मनोज, अनुज आदि लोग सम्मिलित रहे। इसी प्रकार रेडीगारापुर बाजार बंद के दौरान सुरेन्द्र सिंह वतन ने कार्यक्रम स्थल पर अयोजित सभा को ने सम्बोधित किया और भारत सरकार से गोकशी बन्द कराकर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने की मांग की।

## रोड शो में कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा सांसद संगम लाल का गर्मजोशी से स्वागत

### जिले के हर चौराहे पर किया गया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से पार्टी द्वारा जताये गये भरोसे को लेकर सांसद संगम लाल गुप्ता को लेकर रविवार को भाजपाईयों में उत्साह देखा गया। जिले की सीमा अगई से लालगंज तक सांसद संगम लाल के रोड शो में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

वहीं सांसद संगम लाल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के समर्थन तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत पार्टी के जताए गए भरोसे को लेकर आभार जताया। यह काफिला लालगंज, सगरा, लीलापुर, मोहनगंज, सुखपाल नगर, सिटी प्रतापगढ़ होते हुए प्रतापगढ़ शहर पहुंचा जहां मुख्य सड़कों से होता हुआ कटरा मेदनीगंज में समाप्त हुआ। सांसद संगम लाल गुप्ता के साथ रोड शो में भाजपा सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, एमएलसी उमेश द्विवेदी, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने भी कार्यकर्ताओं से मिलकर उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, विवेक उपाध्याय, नागेश प्रताप सिंह, अभिषेक मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, गटटे मिश्र, सुधीर तिवारी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी, समाजसेविका एवं प्रवक्ता सारिका श्रीवास्तव, नोबुल तिवारी, राजेश मिश्र, राजकुमार बरनवाल आदि रहे।



रोड शो में कार्यकर्ताओ से रूबरू होते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## शिवाला महोत्सव में बही कविताओं की रसधार

### अतिथियों व उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के पूरे ईश्वरनाथ स्थित पौराणिक शिवाला मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित दो दिवसीय 6वां शिवाला महोत्सव के दूसरे दिवस विराट कवि सम्मेलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कवि सम्मेलन में पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी व अंतर्राष्ट्रीय कवि अमित शर्मा के साथ कई अन्य नामी-गिरामी कवियों की मौजूदगी रही।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ सदर के पूर्व विधायक व अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, सीए दिल्ली विवेक पाण्डेय, एएसपी मध्यप्रदेश शशि शुक्ल व जूबाए पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कवि सम्मेलन की संयोजिका कवयित्री अर्चना सिंह ने सरस्वती वंदना कर शुरूआत किया। इसी के साथ कवयित्री शिप्रा मिश्रा ने अपनी रचना हे भीष्म पितामह कुछ बोलो कुल वधू तुम्हें पुकार रही पढ़कर जमकर तालियां बटोरते हुए उंचाई प्रदान की।इसी कड़ी में प्रयागराज से आये हास्य कवि राजकुमार अंजाना ने अपनी रचनाओं से लोगों जमकर गुदगुदाया।इसी साथ पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी ने अपनी जमीं पर कथरी रचना पढ़कर जहां कार्यक्रम को उंचाई प्रदान की वही और केका देखाई बेवाई मैया,अहय के मोरे तोरे सेवाई मैया... गाकर जमकर तालियां बटोरी।

इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय कवि अमित शर्मा ने पढा-युवा देश का जब जब रण में अपनी ताक़त तौलेगा,चप्पा चप्पा इस भारत का वंदे मातरम बोलेगा। इसी क्रम में राममूर्ति सौरभ ने पढ़ा-कैसे होपाये भला,इंसाँ की पहचान।दोनो नक़ली हो गये,आँसू औ मुस्काप। वरिष्ठ साहित्यकार डां श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने पढ़ा -फूलो संग कांटे मिलें छांटते चलों,जीवन में अगर खाई मिले पाटते चलो। इसी के साथ प्रेम कुमार त्रिपाठी ने चंद्रशेखर आजाद पर अपनी रचना पढ़कर लोगों में जोश भरा। काव्य पाठ करने वालों में गीतकार सुनील प्रभाकर, अनूप उपाध्याय अनुपम आदि रहे। कवि सम्मेलन का संचालन कवि हरि बहादुर सिंह हर्ष ने किया। इस मौके पर महोत्सव के व्यवस्थापक हरि मंगल पाल,राजदेव पाल, संतोष गुप्ता,कुमार धीरेन्द्र शुक्ल गुरुमणि शुक्ल,राज मणि के साथ जूबाए पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, वकील परिषद के अध्यक्ष आनंद पाण्डेय, चिंतामणि पाण्डेय, प्रभा शंकर पांडेय, सुनील दूबे,रवि खंडेलवाल, मोहम्मद फहीम, मध्य प्रदेश के पूर्व एएसपी शशि शुक्ल, मुन्ना पाल, अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश नीतू अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।


पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी को सम्मानित करते आयोजकगण।

### मंदिर के मुख्य पुजारी ने एसपी को भेंट की बाबा की स्मृति चिन्ह

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विश्वनाथ गिरी ने पुलिस अधीक्षक को बाबा बेलखरनाथ धाम की स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर आभार जताया।आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर बाबा बेलखरनाथ धाम में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहने तथा मेले में कोई गड़बड़ी न होने पर रविवार को मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विश्वनाथ गिरी ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर आभार जताया।

## भयहरण नाथ धाम में 24वें महाकाल महोत्सव का हुआ भव्य समापन

### धाम में किसान सहायता केंद्र खोलेगा नव जीवन किसान संगठन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में भयहरण नाथ धाम में 24 वें महाकाल महोत्सव का भव्य समापन हुआ। प्रसिद्ध पार्श्व गायक भूपेंद्र शुक्ल द्वारा प्रस्तुत सुगम संगीत व भजन ने सभी को भाव बिभोर कर दिया। क्षेत्र , समाज व धाम के विकास में नागरिको की भूमिका पर पत्रकारों व प्रबुद्ध समाज का विचार मंथन हुआ। नव जीवन किसान संगठन (अराजनैतिक) द्वारा धाम में किसान सहायता केंद्र खोलकर किसानों तथा जन समान्य की मूल भूत समस्याओ को दूर करने का संकल्प लिया।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, तीसरी सरकार अभियान और उपजा द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र, समाज व धाम के विकास में नागरिको की भूमिका पर गंभीर चर्चा कर भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के प्रबन्ध समिति के साथ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य अतिथि श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष बाल कृष्ण पांडेय ने कहा की आगामी वर्ष में 25 वां महाकाल महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर का भव्यता के साथ आयोजन हो। इसके लिए अभी से ही सभी सहयोगी संगठनो व व्यक्तियों को अपनी योजना बनानी होगी।

प्रारम्भ में ही भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने सभी का स्वागत करते हुए धाम व महोत्सव की प्रगति का उल्लेख किया। वहीं अध्यक्षता करते हुए भारतीय पत्रकार महासंघ प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडेय ने कहा की यहाँ की प्रबन्ध समिति समाज शेखर के नेतृत्व में अनुकरणीय प्रयास कर रही है। जिसमे सभी प्रबुद्ध समाज को आगे आकर अपनी भागीदारी करनी चाहिए। नव भारती किसान संगठन के प्रदेश सचिव अभय प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह ने धाम में किसान सहायता केंद्र खोलने का प्रस्तावित रखा जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वागत किया और भागीदारी और सहयोग का वायदा किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा प्रसिद्ध भजन गायक भूपेंद्र शुक्ल द्वारा प्रस्तुत भजन व गजलो ने सभी को आनंदित किया। रक्षा लेखा विभाग के वरिष्ठ आडिट आफिसर अनिल सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता आर के सिंह तथा लखनऊ से पधारी साहित्यकार सरिता सिंह ने अपने अनुभव साझा किये। प्रबन्ध समिति से उपाध्यक्ष संगठन डॉ अमर बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष वित्त राजीव नयन मिश्र, विधि परामर्शी रमा शंकर मिश्र, सचिव संगठन राज किशोर मिश्र, उप सचिव अमरेश मिश्र, मेला सचिव अनिल मिश्र, शत्रुघ्न सिंह, हेमराज, राहुल गौतम ब्रम्ह देव समाज के मंधाता ब्लाक अध्यक्ष प्रभाकर पांडेय व कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र तथा यथार्थ शेखर आदि ने विचार व्यक्त किये



अतिथि को सम्मानित करते आयोजकगण।

## जंगली जानवर बिज्जू घर में घुसा, मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक दिन पहले बंद घर में बिज्जू जंगली जानवर घुस गया। दुसरे दिन जानवर खिड़की से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा था इस दौरान ग्रामीणों ने देख लिया और शोर मचाया तो वह फिर अंदर चला गया।जिससे गांव में हड़कंप व अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से उसे बाहर निकाला गया तो लोगों ने राहत की सांस ली। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर अठगवा गांव के स्वामी नाथ उर्फ मुटुन शुक्ला पूरे परिवार के साथ लखनऊ में रहते हैं।गांव में बने मकान में ताला लगा है। बीती रात मकान के अंदर बिज्जू प्रजापति का जंगली जानवर घुस गया।शनिवार सुबह जानवर खिड़की से बाहर निकले का प्रयास कर रहा था उसी दौरान गांव के अशोक शुक्ला ने देखा और शोर मचाया। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग भी लाठी डंडा लेकर पहुंच गए और जानवर को बाहर निकालने के लिए सीढ़ी लगाई लेकिन वह निकाल नहीं सका। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन रेंजर के साथ ही वन दरोगा पट्टी राजकुमार को दी।लेकिन वन विभाग की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची। बाद गांव के गनेश शुक्ला, महेश शुक्ला, रमाशंकर, कलेक्टर शुक्ला, अतुल विपुल, आदर्श सहित दर्जनों ग्रामीणों घंटों मशक्कत के बाद बिज्जू को कमरे से किसी तरह बाहर निकाला, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## शिक्षा से दूर जा रही है प्रवासी मजदूरों की संतानें

### ईंट भट्ठों पर बाल श्रम करने को मजबूर, अव्यवस्थाओं पर प्रशासन मौन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षा से प्रवासी मजदूरों के संतानों की दूरियां बढ़ती ही जा रही है। किताबों से खेलने की उम्र में बच्चो के हाथों में ईंट बनाने का सांचा दिखाई दे रहा है। वही ईंट निर्माताओं की तरफ से प्रवासियों के लिए शासन के मुताबिक कोई भी व्यवस्था न करना उनकी मनमानी में कहीं न कहीं से प्रशासन के सहयोग की भी झलक दिखाई देती है। बता दें कि दूर-दराज से आए मजदूर शोषण की जिन्दगी जीने के लिए मजबूर है। प्रशासन भी इन लोगों के विरुद्ध कोई भी कदम नहीं उठाता हुआ दिखाई देता है।

कुछ ऐसी ही परिस्थितियों के बीच ईंट भट्ठा पर काम करते हुए बाल मजदूर की एक फोटो वायरल हो रही है।जिसे लोग बरीबोझ स्थित एक ईंट भट्ठे की बता रहे है। जहां पर पढ़ाई की उम्र में प्रवासी मजदूर के बच्चों के हाथों में किताबों की जगह ईंट बनाने का सांचा व फौड़ा दिखाई दे रहा है। ईंट निर्माता इन मजदूरों को शासन के मुताबिक निर्धारित सारी सुविधाएं देने की बात करके बुलाता है,लेकिन यहां आने के बाद वह शोषण करने लगता है।वही मजदूर बेबसी भरी जिंदगी पत्नी व मासूम बच्चों के साथ जीने को मजबूर हो जाता है। अस्थाई कच्ची ईंटो से बनी जर्जर जुग्गियो मे रहने वाले मजदूरों को हादसे का भय हमेशा सताता रहता है। यह जर्जर जुग्गियां हमेशा एक बड़े हादसे के इंतजार में रहती है।यही नहीं शौचालयों की भी व्यवस्था न होने के कारण खुले में शौच जाना इनकी मजबूरी है। यहां न तो स्वास्थ्य व्यवस्था और न ही शिक्षा की व्यवस्था नजर आती है। एक मजदूर ने किसी से न बताने की शर्त पर दबी जुबान से बताया की साहब वादे के मुताबिक कोई भी व्यवस्था नहीं देते है, व्यवस्था देने का आश्वासन देते है, लेकिन कुछ दिन बाद कहते है की जो है उसी हिसाब से रहो। विरोध करो तो मजदूरी भी देने से इंकार कर देते है। हम गरीब विरोध भी तो नहीं कर सकते है। वहीं ईंट भट्ठों पर मजदूरों के शोषण पर स्थानीय प्रशासन भी खामोश दिखाई दे रहा है। जबकि संचालक जब मजदूरों को कार्य के लिए बुलाता है तो रहने, खाने के साथ ही शिक्षा व चिकित्सा जैसी व्यवस्था का दावा तो करता है लेकिन उसके सभी दावे खोखले साबित होते है। देखा जाए तो अधिकांश ईंट भट्ठों की यही दशा है, लेकिन बरीबोझ स्थित ईंट भट्ठे की हालत तो एकदम ही बत्तर है। इस संबंध में एसडीएम से व्हाट्सएप के जरिए बात करने का प्रयास किया गया,लेकिन कोई जवाब नही मिला।


ईंट भट्ठे पर बाल श्रम करते बच्चे

संपादक की कलम से

# नरेंद्र मोदी के परिवार में हैं कौन?

देश का किसान जो धरती का सीना चीरकर और अपना खून पसीना बहाकर फसल को पैदा करता है, वह अन्नदाता ही नहीं सर्जक भी है। पहले वह बीज बोता है, सृजन करता है, तब फसल काटता है। सर्जक कभी अन्यायी नहीं हो सकता। वह विद्रोही तो हो सकता है लेकिन विश्वासघाती नहीं। वह बेआवाज तो हो सकता है लेकिन बेईमान नहीं हो सकता। इसीलिए किसान नरेंद्र मोदी सरकार के आश्वासन और वादे लेकर लौट गए।

पटना के जिस ऐतिहासिक गांधी मैदान में 5 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान करते हुए दिनकर की पंक्तियों को दोहराया था कि 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है', उसी मैदान पर 3 मार्च को राजद और विपक्ष की जनविश्वास रैली संपन्न हुई। अनुमान है कि इस रैली में 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस मैदान पर अब तक के इतिहास की संभवतया यह सबसे बड़ी भीड़ थी। लेकिन भीड़ से ज्यादा महत्वपूर्ण था, लोगों का उत्साह और मंच पर मौजूद नेताओं के प्रति उनका विश्वास। लोगों में मौजूदा सत्ता के प्रति रोष इतना था कि जैसे ही नरेंद्र मोदी का नाम आता था लोग हिकारत से हुंकार उठते थे।

मंच पर इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। एक तरफ वामपंथी पार्टियों के नेता डी राजा, सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य मौजूद थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के दोनों दिग्गज 'जननायक' राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे थे। यूपी से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उपस्थित थे।

तीनों नौजवानों राहुल गांधी, अखिलेश और तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार को ललकारते हुए उसे उखाड़ फेंकने का संकल्प किया। तेजस्वी यादव पिछले तीन-चार महीने के भीतर बेहद मंझे हुए वक्ता के तौर पर उभरे हैं। 28 जनवरी को जब एक बार फिर नीतीश कुमार ने पलटी मारी और नौंवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसके बाद तेजस्वी यादव ने विधानसभा में जो भाषण दिया था उस पर समूचे उत्तर भारत में चर्चा हुई। तेजस्वी यादव एक ऐसे नौजवान नेता के रूप में उभरे हैं जिनमें जोश और जज्बा ही नहीं बल्कि होश और हवास भी है। पटना के गांधी मैदान के मंच पर दहाड़ते हुए उन्होंने नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद के भाषण पर जमकर पलटवार किया। नरेंद्र मोदी इंडिया गठबंधन के नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बार-बार आरोप लगाते हैं। औरंगाबाद, बिहार में 2 मार्च को नरेंद्र मोदी ने पूछा था कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बात क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने ताल ठोकते हुए नरेंद्र मोदी को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'लालू प्रसाद यादव वह हैं जिन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय किया। जिन्होंने गरीबों- वंचितों के भीतर चेतना और स्वाभिमान पैदा किया। जो लोग गलियों से अपना चप्पल पहनकर नहीं निकल सकते थे, उन्हें सिर उठाकर चलने की ताकत लालू यादव ने दी। जिन्हें कुएं से पानी नहीं भरने दिया जाता था, उन्हें कुआं खोदने लायक बनाया और इस लायक भी बनाया कि उनको भी पानी पिला सकें, जो उन्हें पानी नहीं पीने देते थे।' लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने ठेठ बिहारी अंदाज में नरेंद्र मोदी को जमकर लताड़ा।

परिवारवाद पर नरेंद्र मोदी के बार-बार हमले पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह अपना परिवार नहीं बना सके तो मैं क्या करूं? जाहिर तौर पर लालू यादव का इशारा नरेंद्र मोदी और उनकी पत्नी की तरफ था। लंबे समय तक नरेंद्र मोदी इस बात को छुपाए रहे कि उनकी शादी भी हुई है। लोकसभा चुनाव (2014) के समय उन्होंने दाखिल हलफनामे में पहली बार विवाहित होने और पत्नी के रूप में जसोदा बेन के नाम का जिक्र किया था। ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर कथित रूप से 'मुस्लिम बहनों को न्याय' दिलाने वाले नरेंद्र मोदी से लोग पूछते हैं कि उन्होंने बिना तलाक दिए जसोदा बेन को क्यों छोड़ दिया? लालू प्रसाद यादव ने तो नरेंद्र मोदी के हिंदुत्व पर भी प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तो हिंदू भी नहीं है क्योंकि अपने माता-पिता के मृत्यु के बाद हिन्दू अपने सिर का मुंडन करवाता है। लेकिन मां की मौत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने बाल नहीं कटवाए।

लालू यादव के 'नरेंद्र मोदी ने तो परिवार ही नहीं बनाया' वाले बयान को काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक नई कैंपेन लांच की। भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों और समर्थकों ने अपने नाम के साथ ट्विटर पर बायो में 'मोदी का परिवार' लिखकर ट्वीट किए। 4 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना में थे। वहां पर भाषण देते हुए नरेंद्र मोदी ने पार्टी की इसी कैंपेन को ही आगे रखा। उन्होंने कहा कि इस देश के सारे लोग उनका परिवार हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी इस कैंपेन को 2019 के लोकसभा चुनाव के समय 'मैं भी चौकीदार' जैसे कैंपेन की तरह आगे बढ़ना चाहती है। राफेल सौदे में घोटाले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कहा था कि 'चौकीदार ही चोर है'। इसको काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों और आईटी सेल ने 'मैं भी चौकीदार' जैसा कैंपेन चलाया था। पुलवामा आतंकवादी हमला और फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक के राष्ट्रवादी शोर में राहुल गांधी के आरोप पर 'मैं भी चौकीदार' कैम्पेन सफल हो गया। बेमन से लोकसभा चुनाव में उतरे विपक्ष ने जैसे पहले ही हार मान ली थी। नतीजे में 2014 की 282 सीटों के मुकाबले 2019 में नरेंद्र मोदी को 303 सीटें मिलीं।

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 370 पार का नारा दिया है। लेकिन इस बार जमीनी हकीकत कुछ और है। इसीलिए लालू प्रसाद यादव की बात को पकड़कर एक नई कैंपेन लॉन्च की जा रही है। जो नरेंद्र मोदी पहले अपने भाषणों में 'मित्रों' संबोधन का इस्तेमाल करते थे, वे आजकल 'मेरे परिवार वालों' तक पहुंच गए हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी और उनके मित्रों अडानी-अम्बानी के बीच गठजोड़ को इतना एक्सपोज कर दिया है कि मोदी मित्रों शब्द बोलना ही भूल गए हैं। या यूं कहें कि बड़ी चतुराई से इस शब्द को छोड़कर नरेंद्र मोदी मेरे परिवार शब्द से लोगों को संबोधित करने लगे हैं। अब इसका एक्सटेंशन करते हुए मोदी कह रहे हैं कि 'यह देश मेरा परिवार है और हम इस देश के हैं।' इस तरह के शब्दजाल से नरेंद्र मोदी पूरी कैंपेन को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। लेकिन सवाल यह है कि 10 साल की एन्टी इनकंबेंसी और लगभग हर मोर्चे पर असफल नरेंद्र मोदी क्या इस कैंपेन के सहारे चुनाव जीत पाएंगे? और असली सवाल तो यह है कि नरेंद्र मोदी जिसे अपना परिवार कह रहे हैं; उस परिवार में क्या वे किसान नहीं आते, जो दिल्ली की सरहदों पर इस बिगड़ते-बदलते मौसम में बैठे हुए हैं। वे दिल्ली पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

वे नरेंद्र मोदी सरकार को 2021 में किए गए वादे याद दिलाना चाहते हैं। तीन काले कानून वापस लेते हुए नरेंद्र मोदी ने किसानों से उनकी फसलों पर एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाने का वादा किया था। ये वादा भी नरेंद्र मोदी ने आसानी से नहीं किया था। लगातार 13 महीने तक यूपी, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के किसान तीन काले कानूनों के खिलाफ और एमएसपी की मांग के लिए जूझते रहे। 750 से अधिक किसानों की शहादत के बाद नरेंद्र मोदी की नींद खुली। ये भी तब हुआ जब उत्तर प्रदेश का चुनाव नजदीक आ गया। जाट किसानों की नाराजगी झेलने की हिम्मत नरेंद्र मोदी में नहीं थी। इसीलिए उन्होंने किसानों से छलपूर्वक समझौता किया। जो नरेंद्र मोदी धृतराष्ट्र की तरह अपना सिंहासन पकड़े हुए बैठे थे, वही नरेंद्र मोदी 'मेरी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी' कहते हुए तीन काले कानून वापस लेते हैं।

## मुखौटा

– डॉ. प्रभा दीक्षित



अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला समिति के वार्षिकोत्सव की तैयारियां हो रहीं थी। महिलाओं की केन्दीय कमेटी ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह तय किया कि इस बार दंश के सम्पादक को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रित किया जाये क्योंकि पिछले एक दशक से वे महिलाओं की ज्वलन्त समस्याओं पर निरन्तर अपनी पत्रिकाओं में सवाल उठा रहे हैं और स्त्री मुक्ति का नारा दे रहे हैं।

सम्मेलन प्रारम्भ हुआ। सम्पादक जी आये और अध्यक्ष पद से बोलते हुये उन्होंने कहा कि "वर्तमान मध्यमवर्गीय समाज में घरेलू हिंसा की घटनायें अखबार की सुर्खियों बनी हुई हैं।" अन्त में उन्होंने पुरूषों को चेतावनी देते हुए कहा कि "यदि वे पुरूष श्रेष्ठता के दंभ को समाप्त नहीं करते तो महिलायें निकट भविष्य में पुरूषों के खिलाफ विद्रोह करने को विवश हांगी।" तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भाषण समाप्त हो गया । वे अपनी कार में बैठकर घर आ गये।

घर पर नौकर ने बताया कि उनकी पत्नी सुधा उनके जाने के बाद घर से चली गयी थी और अभी तक नहीं आई है। सम्पादक जी के चेहरे पर खामोशी भरे आक्रोश के निशान उभर आये। तभी सुधा ने घर में प्रवेश किया। वे डपट कर बोले-"मैंने तुमसे कितनी बार कहा है कि जब मैं घर आया करूं उस समय तुम्हारा मौजूद रहना बहुत जरूरी हैं, लेकिन तुम अपनी हरकतों से बाज नहीं आती हो।" वे शायद गुस्से में कुछ और भी कहते इसके पूर्व ही सुधा ने हाथ के इशारे से उन्हें चुप रहने का संकेत देते हुए कहा कि "मैं सबसे पीछे बैठी हुई महिलाओं की सभा में आपका भाषण सुन रही थी। क्या ख्याल है? आप जो आक्रोशपूर्ण प्रतिक्रिया इस समय व्यक्त कर रहे हैं उसे मैं विस्तार के साथ प्रेस वालों को बता दूं।"

अब सम्पादक जी बगलें झांक रहे थे। उन्होंने अपनी भाषा में नम्रता घोलते हुए कहा-"अरे यार बात यह है कि मैं तुम्हें इतना प्यार करता हूं कि जब तुम घर पर नहीं होती हो तो मैं बेचैन हो जाता हूँ।" सुधा मैं खूब समझती हूँ" कहते हुए व्यंग्य से मुस्करा रही थी।"

# इंडिया गठबन्धन की उलझनों से भाजपा की राह आसान

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बडे. लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।



वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति।

लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में अबकी पार, 400 पार का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथि है, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है।

बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री श्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरूढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं।

ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। इस बदलाव से राज्य में भाजपा और नीतीश कुमार को इस चुनाव में बड़ा फायदा होने की संभावनाएं है। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है- चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा। लेकिन इन दलों एवं भाजपा के बीच कई कारणों से पेंच फंसे हुए है, सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते के तार उलझे हुए हैं, जो निकट भविष्य में सुलझ जाने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र की 48 सीटों में से करीब 32 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ सकती है, वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लगभग 12 सीट और अजित पवार की एनसीपी को लगभग 4 सीटें मिल सकती हैं। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए में भाजपा के साथ शिव सेना ने चुनाव लड़ा था। भाजपा ने 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 23 पर जीत हासिल की थी। वहीं शिवसेना ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और 18 पर जीत दर्ज की। तब कांग्रेस और एनसीपी गठबंधन में साथ थे। एनसीपी को 4 सीटों पर और कांग्रेस को 1 सीट पर जीत मिली थी। उधर आंध्र प्रदेश में भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी का गठबंधन हो सकता है। 7 मार्च को टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात के बाद गठबंधन की अटकलों को बल मिल गया है। राज्य में भाजपा, टीडीपी और जन सेना के बीच गठबंधन को लेकर बातें तय हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टीडीपी भाजपा के लिए 6 सीटें छोड़ने पर सहमत हो गई है। विभिन्न गैर भाजपा राज्यों में भाजपा की स्थिति अनुकूल बनती जा रही है, जिससे उसका 400 सीटों के पार का लक्ष्य हासिल होता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबन्धन की उलझनों में उलझी हुई है। ये उलझने ही भाजपा की राह को आसान बना रही हैं।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# देश का विकलांग केंचुआ और लोकतंत्र

@ राकेश अचल

केंद्रीय चुनाव आयोग अर्थात केंचुआ के बारे में हमने दो दिन पहले ही विमर्श किया था। केंचुआ यानि 'भूमि नाग'अब एकदम विकलांग हो गया है। केंचुआ के तीन भाग होते है। यानि एक मुख्य और दो सहायक। केंचुआ के एक और अंग को अचानक काट दिया गया है। एक लोकसभा चुनाव में अब कुछ सप्ताह का समय बचा है। भारत का निर्वाचन आयोग इस महीने किसी भी वक्त चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करना है। उससे पहले निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से इस्तीफा दे कर देश को चौंका दिया है। उनके पद छोड़ने के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अकेले बचे हैं। तीन सदस्यीय इस आयोग में निर्वाचन आयुक्तों के दोनों पद खाली हो गए हैं। अरुण गोयल के अलावा, दूसरे निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे इस साल फरवरी में सेवानिवृत्त हुए थे। तब से उनकी जगह किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि क्या मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार अकेले आगामी लोकसभा चुनावों को संपन्न कराएंगे ? आपको याद दिला दूँ कि पिछले चार साल में अशोक लवासा के बाद ये दूसरे निर्वाचन आयुक्त हैं, जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। हालांकि, अशोक लवासा के पद पर रहते मुख्य निर्वाचन आयुक्त और साथी निर्वाचन आयुक्त के साथ उनके मतभेदों के किस्से सार्वजनिक थे। अगस्त 2020 में लवासा ने चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया था, बाद में उन्हें एशियन डेवलपमेंट बैंक के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अरुण गोयल 1985 बैच, पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी रहे हैं। उन्होंने 18 नवंबर, 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और इसके अगले ही दिन उन्हें चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था, जिस पर विवाद छिड़ गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था।



आपको ये बताना आवश्यक है कि सुप्रीम कोर्ट ने अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल तलब की थी और सरकार से पूछा था कि उनकी नियुक्ति में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई ? अरुण गोयल 37 वर्षों से अधिक की सेवा के बाद भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। अरुण गोयल का कार्यकाल 2027 तक था, लेकिन वे अचानक ये पद छोड़ गए है। उनका त्यागपत्र राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने आनन-फानन में स्वीकार कर लिया है। अब कहा जा रहा है कि गोयल को अपने खिलाफ फैसला आने की आशंका है। कुछ लोग कह रहे हैं कि वे भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले हैं, लेकिन कांग्रेस कहती है कि अगर हम स्वतंत्र संस्थानों के व्यवस्थित विनाश को नहीं रोकते तो हमारे लोकतंत्र पर तानाशाही हावी हो जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि अब केंचुआ गिरने वाली अंतिम संवैधानिक संस्थाओं में से एक होगी। चुनाव आयुक्तों के चयन की नई प्रक्रिया अब प्रभावी रूप से सत्तारूढ़ दल और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पास चली गईं हैं। कार्यकाल पूरा होने के 23 दिन बाद भी नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। मोदी सरकार को इन सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंताजनक है। उनका आरोप है कि सरकार उस पर किस तरह दबाव डालती है, इस बारे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यह रवैया दशार्ता है कि शासन लोकतांत्रिक परंपराओं को नष्ट करने पर तुला हुआ है। वेणुगोपाल का कहना है कि केंचुआ को हर समय पूरी तरह से गैर-पक्षपातपूर्ण होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि यह चिंताजनक है। आम चुनाव से पहले पैनल में दो नियुक्तियां की जानी चाहिए।

गोयल ने अपना इस्तीफा क्यों दिया ये अभी तक स्पष्ट नहीं है। अपने इस्तीफे के बारे में या तो गोयल साहब खुद बता सकते हैं या फिर ईश्वर को इस बारे में पता होगा। मुमकिन है कि गोयल से इस्तीफा दिलाया गया हो। मुमकिन है कि इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश हो ? अन्यथा ऐसा अचानक क्या हुआ कि आम चुनाव की घोषणा से ठीक पहले गोयल ने इस्तीफा दे दिय। क्या इसे राष्ट्रद्रोह नहीं माना जाना चाहिए ? उन्हें इस्तीफा देना था तो पहले ही दे सकते थे ? यदि गोयल के इस्तीफे के पीछे कोई सियासी वजह है तो ये बेहद गंभीर मामला है और यदि कोई डर-भय या दबाब है तो भी इसे गंभीर ही माना जाना चाहिए। गोयल का इस्तीफा लोकतंत्र के साथ मजाक है। उस संविधान के साथ मजाक है जिसकी शपथ लेकर उन्होंने सेवा की शपथ ली थी।

गोयल गणित से एम.एससी. हैं। सारा गुना-भाग समझते हैं। उन्होंने पंजाबी विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं में प्रथम श्रेणियां हासिल करने और कीर्तिमान ध्वस्त करने के लिए चांसलर मेडल ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था। वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के चर्चिल कॉलेज से डेवलपमेंटल इकोनॉमी में डिस्टिंक्शन के साथ पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उनकी ट्रेनिंग हार्वर्ड विश्वविद्यालय के जॉन एफ कैनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट से हुई है। अरुण गोयल ने फिर से एक कीर्तिमान ध्वस्त किया है साथ ही उन परम्पराओं को भी ध्वस्त किया है जो तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन जैसे लोगों ने बनाईं थीं। बहरहाल अरुण गोयल के इस्तीफे का सच आज नहीं तो कल सबके सामने आएगा ही, लेकिन एक बात जरूर है कि इस देश में इन दिनों जो कुछ हो रहा है, वो शुभ नहीं है। न देश के लिए और न लोकतंत्र के लिए। इस अशुभ के लिए कौन जिम्मेदार है ये बताने कि जरूरत नहीं है।

गोयल के इस्तीफे से केंचुआ का काम प्रभावित होगा या नहीं ये तो विशेषज्ञ जानते होंगे, लेकिन आम जनता ये जानती है कि इस घटनाक्रम से केंचुआ के काम पर असर तो पड़ेगा ही। अब अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त कितनी भाग-दौड़ कर पाएंगे, चुनावों की निष्पक्षता की कितनी गारंटी दे पाएंगे ये कहना कठिन है। हमारे यहां तो कहते हैं कि -'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त को अब अकेले ही सब कुछ करना होगा, क्योंकि मान लीजीए कि केंद्र सरकार आनन-फानन में नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कर भी दे तो भी रातों-रात वे आयोग के लिए उपयोगी नहीं होंगे और उनके ऊपर सरकार का पिठ्ठू होने के आरोप लगेंगे सो अलग। दरअसल ये सब देश में विपक्ष के कमजोर होने की वजह से हो रहा है। आज देश में निरंकुशता के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने वाले हैं तो तमाम किन्तु सबके सब बिखरे हुए हैं, इसीलिए अराजकता और निरंकुशता कुलांचे भरते हुए आगे बढ़ रही है।

# महिला सशक्तीकरण पर बेईमान रवैया

देश एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजनों का साक्षी बनने के लिए तैयार हो चुका है। सरकारी, गैर-सरकारी संस्थानों में महिलाओं का सम्मान करने के लिए कार्यक्रम किए होंगे। पत्र-पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित होंगे, जिनमें भारत में स्त्रियों को देवी का दर्जा दिए जाने की महान परंपरा की बातें होंगी। 21वीं सदी में देश में सेना, विज्ञान, शिक्षा, खेल-कूद, कारोबार, कला-संस्कृति हर क्षेत्र में महिलाओं ने कितनी उन्नति की है, इसके उदाहरण पेश किए जाएंगे।

महिला राष्ट्रपति से लेकर विभिन्न किस्म के उच्च पदों पर बैठी महिलाओं की जीवनगाथाएं प्रस्तुत होंगी। हर साल यही सब होता आया है और आगे भी होता रहेगा। स्त्री शक्ति को रेखांकित करते ऐसे आयोजनों में पीड़ित, शोषित और वंचित महिलाओं की बातें बड़े सुविधाजनक तरीके से किनारे कर दी जाती हैं। मौजूदा सरकार का भी यही तरीका है। अब 2014 वाला दौर नहीं रहा, जब निर्भया कांड के बाद सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने के लिए जनता अगर सड़कों पर उतर आई तो तत्कालीन सरकार ने ऐसा करने से जनता को नहीं रोका, न ही इस मामले को दबाने की कोशिश की या इस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा कि उनके कार्यकाल में एक जघन्य अपराध घटित हुआ है। बल्कि तब कांग्रेस सरकार ने निर्भया के इलाज की पूरी जिम्मेदारी उठाई, पीड़िता की मौत के बाद उसके परिवार को राहुल गांधी ने सहारा दिया, उनके भाई को पायलट बनाने में मदद की, लेकिन कभी इस का कोई प्रचार नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बरसों-बरस मनाने और लैंगिक समानता का ढोल पीटने के बावजूद यह एक कड़वी हकीकत है कि महिलाओं के लिए बराबरी और सम्मान की सोच समाज में अब तक व्याप्त नहीं हो पाई है। किस्म-किस्म के भेदभाव और अत्याचार महिलाओं पर होते रहे हैं और इसके लिए किसी सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका व्यापक संबंध समाज की मानसिकता से जुड़ा है। सरकारें अपने फैसलों और नीतियों से इस मानसिकता को सुधारने का काम अवश्य कर सकती हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण जैसे विस्तृत विषय को राजनीति से दूर रख सकती हैं। खेद है कि मौजूदा केंद्र सरकार में ऐसा नहीं हो रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे एकाध नारे और दो-चार योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री नारी सशक्तीकरण का श्रेय लेना चाहते हैं। नये संसद भवन में महिला आरक्षण पर विधेयक पारित करवा कर उन्होंने इतिहास रचने का दावा भी किया, हालांकि उनके दावों की हकीकत कई बार जनता देख चुकी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनका दुचित्तापन भी अब सामने आ चुका है। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी प.बंगाल में थे, जहां हाल ही में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख पर लगा है। शाहजहां शेख फिलहाल कानून की गिरफ्त में है। प.बंगाल में भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस से आगे निकलना चाहती है। लिहाजा प्रधानमंत्री ने उत्तरी 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली की और इसमें कहा कि संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा। लेकिन टीएमसी सरकार अपराधी को बचाने पर तुली हुई है। इसके बाद उन्होंने बताया कि उनके दस साल के शासनकाल में महिलाएं कितनी मजबूत हुई हैं। श्री मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात भी की। गनीमत है कि संदेशखाली की पीड़िताओं की व्यथा सुनने का वक्त प्रधानमंत्री को मिला। अन्यथा हाथरस, कठुआ, उन्नाव की पीड़िताएं अपने दर्द और अन्याय को भुगतते हुए चली गईं। मणिपुर की महिलाओं के दर्द का जिक्र तो प्रधानमंत्री करना ही नहीं चाहते। वैसे दाद देनी पड़ेगी प्रधानमंत्री के बड़बोलेपन और मिथ्यालाप के दुस्साहस की, टीएमसी के शासन में महिलाओं पर क्या अत्याचार हुआ है, इस पर वे खूब बरस रहे हैं, लेकिन कानपुर में दो नाबालिग बच्चियों को सामूहिक बलात्कार के बाद मार दिया गया और अब उनमें से एक के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है, क्योंकि आरोपी उन पर समझौते का दबाव बना रहे थे, इस पर प्रधानमंत्री शायद ही कुछ कहें, क्योंकि उत्तरप्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसी तरह उत्तराखंड में पिछले साल अंकिता भंडारी नामक युवती की हत्या कर दी गई थी। जिस रिसार्ट में अंकिता काम करती थी, वहां के मालिक ने कथित तौर पर कुछ लोगों को विशेष सेवा देने का दबाव अंकिता पर बना रहे थे, और इंकार करने पर उसे मार ही दिया गया। कार्रवाई के नाम पर रिसार्ट का वो हिस्सा बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया, जहां से सबूत मिल सकते थे। इस पूरे मामले को प्रमुखता से उठाने और इस पर जनआंदोलन खड़े करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि श्री नेगी लोगों को उकसा रहे थे। हालांकि उनकी गिरफ्तारी के बाद पौड़ी में बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस निकाल कर पुलिस को गलत साबित कर दिया है। अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए लोगों में बेचैनी और सरकार के लिए नाराजगी दिख रही है।

# पीएम-सीएम ने एयरपोर्ट का किया वर्चुअल शुभारम्भ

## जहां पाठा से डरते थे लोग, अब उडेंगे हवाई जहाजः सांसद

### 12 मार्च से लखनऊ को उडेंगे जहाजः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवांगना एयरपोर्ट का शुभारम्भ आजमगढ़ से वर्चुअली किया। सांसद आरके सिंह पटेल समेत जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में कामतानाथ प्रमुख द्वार महंत मदनगोपाल दास, दिगंबर अखाड़ा महंत दिव्यजीवन दास समेत अन्य मठ-मंदिरों के संत-महंत ने बटन दबाकर देवांगना एयरपोर्ट व छह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सडकों का शुभारम्भ किया। लोगों ने वर्चुअल लोकार्पण का प्रसारण देखा।



बोलते सांसद आरके सिंह पटेल व बटन दबाकर शुभारम्भ करते सांसद आदि।

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की 744 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लोकार्पण कर चित्रकूट की छह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं का लोकार्पण किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट पावन धरा पर ये कार्य हो रहे हैं। लंबे समय से इंतजार के बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की डबल इंजन सरकार में चित्रकूट से जहाज चलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जब से सत्ता में आये हैं, चित्रकूट के विकास समेत अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य किया है, ये गौरवमय है। अयोध्या में राम मंदिर बनाने में शहीदों के सपने साकार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की अगुवाई में मंदिर निर्माण के ऐतिहासिक क्षण के वह साक्षी रहे हैं। बुंदेलखंड पिछड़े क्षेत्र को प्रधानमंत्री ने नंबर वन पर खड़ा किया है। पाठा की धरती में लोग आने से डरते थे, आज यहां हवाई जहाज चल रहे हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि चित्रकूट पर्यटन बतौर विकसित होगा। यहां से लखनऊ को वायुयान सेवा शुरु होगी। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने देवांगना एयरपोर्ट का शुभारम्भ किया है। देश के कोने-कोने तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। 12 मार्च से लखनऊ से साढे दस बजे उड़ान भरेगी। चित्रकूट में साढे 11 लैंड करेगी। चित्रकूट से लखनऊ को दोपहर 12 बजे जहाज चलकर लखनऊ एक बजे पहुंचेंगे। किराया तकरीबन दो हजार रुपये होगा। 278 एकड़ भूमि में एयरपोर्ट बना है। चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह ने डीएम-एसपी के साथ टर्मिनल बिल्डिंग देखी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, एडीएम नमामिगंगे उमेश चंद्र निगम, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्र, रामसागर चतुर्वेदी, आनंद त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी समेत सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एसडीएम सदर सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, एएसडीएम मो जसीम अहमद, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, कृषि उपनिदेशक राजकुमार समेत एयरपोर्ट अधिकारी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## महादेव मन्दिर समेत अन्य कार्यों को विधायक ने दिये 52 लाख

### विधायक ने कर-कमलों से किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा 236 चित्रकूट में विधायक निधि से कराये कार्यों से 52 लाख की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण मानपुर खोह स्थित पंचमुखी मड़फा महादेव मंदिर में सैकड़ों ग्रामीणों के समक्ष अपने कर कमलों से किया।



भूमि पूजन करते विधायक आदि।

रविवार को पंचमुखी मड़फा महादेव मंदिर तमाम गांवों के लोगों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में पेयजल/ बैठने व्यवस्था न होने से श्रृद्धालुओं को परेशानी होती थी। मंदिर परिसर में पेयजल, यात्रियों के बैठने को हाल निर्माण मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना से किया। मंदिर में शेड व पेयजल को विधायक निधि से 32 लाख रूपये जीएसटी समेत, ग्रामीण अभियंत्रण से पहाड़ी ब्लाक के बरेठी मोड में शान्ति देवी इंटर कालेज होते हुये रामनरेश कुशवाहा की ओर नाला निर्माण को दस लाख रूपये जीएसटी समेत, जिला बार एसोसिएशन न्यायालय कर्वी के अधिवक्ताओं के बैठने को जिला कचेहरी में आये दिन लोगों के हुजूम को चेम्बर निर्माण को दस लाख रूपये जीएसटी समेत दिये। खम्हरिया से कोढ़न पुरवा सम्पर्क मार्ग को विधायक ने कर कमलों से लोकार्पण व भूमि पूजन किया।

## पुलिस ने मेले में श्रद्धालुओं को बांटे फल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के सुझाव पर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने फाल्गुन मास अमावस्या मेले में चैकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह ने पुलिस बल के साथ मेले में आये श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को फल बांटे।

रविवार को अमावस्या मेले में तीर्थक्षेत्र आये श्रद्धालुओं को पुलिस बल ने निर्मोही अखाड़ा के पास ढाई क्विंटल संतरे बांटे। फल पाकर श्रद्धालुओं ने पुलिस की सराहना की। प्रत्येक अमावस्या को कुछ माह से पुलिस लगातार कुछ न कुछ फल व सूक्ष्म जलपान श्रद्धालुओं के बीच बांटकर पुण्य कमा रही है। पुलिस के इस कार्य की सभी लोग भूरि-भूरि सराहना कर रहे हैं।



मेले में श्रद्धालुओं को फल बांटती पुलिस।

### छेडछाड का वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/ वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने सिपाही ललित कुमार के साथ घर में घुसकर छेडछाड व एससी/एसटी के वारंटी शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी भदेहदू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## ......तो डूब जायेगी आरके पटेल की नैया?

### मुसीबत बनी अयोध्या की बसें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मत पूंछ मेरे सब्र की इन्तेहा कहां तक है, तू कर ले सितम तेरी हसरत जहां तक है- सांसद आरके सिंह पटेल को लेकर कहीं सांसद पुत्र सुनील सिंह पटेल का विरोध हो रहा है तो कहीं सांसद आरके सिंह पटेल के क्रियाकलापों को लेकर विरोध जारी है। ऐसे में सांसद आरके सिंह पटेल ने समय रहते विरोध को नियंत्रित नहीं किया तो उनकी चुनावी नैया डूब सकती है? सांसद आरके सिंह पटेल का जिस अंदाज में लोग विरोध कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि चुनावी परिणाम का अंजाम कुछ भी हो सकता है। आज रविवार को मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मानिकपुर क्षेत्र के लोग सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि अयोध्या में राम मन्दिर के दर्शन को बूथ व सेक्टर के लोगों ने कहा था कि सवेरे छह बजे बसें जायेंगी। तमाम लोग क्षेत्र में दूर-दराज से अयोध्या जाने को तैयार होकर आ गये। बसों का अता-पता न होने पर लोगों ने खासी नाराजगी जताई। नाराजगी को लेकर नारेबाजी भी की। पहले 46 बसें अयोध्या जानी थी, अब कितनी बसें अयोध्या गई-ये कोई बताने वाला नहीं है। इस बारे में सांसद आरके सिंह पटेल के प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर से पूंछा गया तो उन्होंने कोई जवाब देने की जरूरत नहीं समझी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी से पूंछा तो उन्होंने कहा कि बूथ-सेक्टर से जानकारी कर रहे हैं। उनके व्हाट्सअप पर वीडियो भेजा गया, उन्होंने वीडियो देखने से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि जानकारी की जा रही है।



सांसद आरके पटेल का विरोध जताते मानिकपुर के लोग।

सांसद आरके सिंह पटेल व उनके पुत्र सुनील सिंह पटेल को लेकर जिस तरह से संसदीय क्षेत्र में कहीं रौली गोंडा भरतकूप तो कहीं किसी कोल महिला का तो कहीं भरतकूप के आदिवासियों का वीडियो वायरल हो रहा है। इसे लेकर लोगों में तरह-तरह की बातें उछल रही हैं। विरोध के ये स्वर समय रहते न थमें तो चुनावी परिणाम का अंजाम कुछ भी हो सकता है। न पूंछो सितम सनम के और सितम गर का लहजा, दिल से आती है आवाज सहे जा, ये भी सहे जा- बस बात यहीं पर खत्म।

## बिछडे बच्ची व बच्चे को परिजनों से मिलाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ऑपरेशन मुस्कान में परिक्रमा मार्ग में परिजनों से बिछड़ी बच्ची को पुलिस ने कुछ मिनटों में बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

फागुन माह की अमावस्या में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जारी मुस्कान में कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने परिक्रमा मार्ग में परिक्रमा करते समय मां से बिछड़ी बच्ची को पुलिस ने बरामद कर माता-पिता के सुपुर्द किया। अमवस्या मेला में नेहा (8) परिजनों से बिछड़ गयी थी। ड्यूटी में तैनात दरोगा अनिल कुमार गुप्ता को बच्ची की मां ने सूचना दी कि पुत्री मेले में बिछड़ गयी है। दरोगा की टीम ने तत्काल प्रयास कर कुछ मिनटों में भरतकूप मंदिर के पास से बच्ची को बरामद कर बिस्कुट व पानी पिलाकर बैठाया। मां को बुलाकर पहचान कराकर बच्ची को श्रीमती चम्पा देवी पत्नी बोधन निवासी हमीरपुर के सुपुर्द किया। पिता बोधन ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दीवान शिशुपाल सिंह, सिपाही अमित कुमार, बब्बू राजा, महेन्द्र कुमार व धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।



बच्ची को मां से मिलाती पुलिस।

इसी क्रम में अमावस्या मेला में ड्यूटी में तैनात महिला थाने की दीवान लता त्रिपाठी ने परिक्रमा मार्ग परिजनों से बिछड़े बच्चे को रोता देख माता-पिता की जानकारी की। आशिक (9) परिजनों से बिछड़ गया था। बिछड़े बच्चे के पिता सुनील कुमार निवासी निघोर थाना बबेरू जिला बांदा के सुपुर्द किया। पिता ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में दीवान लता त्रिपाठी, सिपाही धर्मेंद्र कुमार, सानू, बब्बू राजा, महेंद्र कुमार शामिल रहे।

### सपा छात्रसभा ने किया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में सपाइयों ने एयरपोर्ट शुभारम्भ पर विरोध प्रदर्शन किया।

रविवार को समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रोहित यादव की अगुवाई में सपाइयों ने एयरपोर्ट शुभारम्भ का विरोध जताते हुए कहा कि सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार में 2013 में एयरपोर्ट का निर्माण शुरु कराया था। आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने वर्चुअल शुभारम्भ कर भाजपा सरकार में बनवाने का श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव व मुलायम सरकार के कार्यों को अपना बताकर भाजपाई झंडा गाड रहे हैं।

## मत्स्यगयेन्द्रनाथ में जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** फाल्गुन मास अमावस्या में भारी तादाद में श्रद्धालु आये। मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाकर महाराजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। कामदगिरि परिक्रमा कर मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। अमावस्या पर कामतानाथ दर्शन व परिक्रमा को पूरे देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं।

रविवार को कुछ लोगों ने दंडवत परिक्रमा की। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्था को सराहा। पूरा मेला क्षेत्र तीर्थ यात्रियों से खचाखच भरा रहा। कई स्थानों पर जाम भी लगा। जाम हटाने को पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से वन-वे किया था। फिर भी कई जगह जाम लगा। डीएम अभिषेक आनंद व एसपी अरुण कुमार सिंह लगातार मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। मेला सुरक्षा व्यवस्था को यूपी-एमपी प्रशासन ने परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। मंदाकिनी नदी किनारे स्थित भारत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि चित्रकूट में वनवास काल में भगवान राम 11 वर्ष 11 महीना 11 दिन बिताये हैं। यहां मान्यता है कि भगवान वनवास काल में भगवान कामतानाथ की परिक्रमा व पूजन-अर्चन करते थे। यहां पर सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं।



अमावस्या में उमडी भीड।



प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते डीएम आदि।

## योजनाओं की जानकारी से वंचित लें लाभः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में राष्ट्रीय रामायण मेला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों निर्णय, उपलब्धियां व जनकल्याणकारी योजनाओं बाबत प्रचार-प्रसार को सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास विषय पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया।

रविवार को जिलाधिकारी ने तुलसी कथा रघुनाथ की एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं बाबत प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिले के वाशिंदों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग प्रदर्शनी देखकर केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी से जो व्यक्ति प्रदेश सरकार की योजनाओं से वंचित हैं, योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लें।

## 17 पर मिनी गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर अंकुश लगाने को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 17 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। एक साथ 17 लोगों पर कार्यवाही से अराजकतत्वों में खलबली मची है।

रविवार को मऊ थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय ने बबलू केवट पुत्र उदयभान उर्फ फदलू मटियारी, खुन्नूलाल उर्फ मानसिंह पुत्र कुबेर यादव धवाड़ा, रोहित केवट पुत्र रामदास भिटरिया, कल्लू उर्फ नेपाली पुत्र महादेव मंडौर, कल्लू पाण्डेय उर्फ श्यामसुन्दर पुत्र मुन्नूलाल पाण्डेय सिकरो, किशोरीलाल पुत्र सुग्गू मटियारा, शिवलाल पुत्र रामनिहोर टिकरा, मुन्ना केवट पुत्र धर्मपाल भिटरिया, राममिलन पुत्र सूरजपाल सुरौधा, मूलचन्द्र पुत्र नत्थू सुरौधा, शिवप्रसाद पुत्र पिताम्बर मटियारा, मुल्ला केवट पुत्र छिद्दू बरवार, भगौती पुत्र छक्का उर्फ रामऔतार सिकरो, लाला उर्फ बच्चा पुत्र रामसुख मटियारा, संतोष पासी पुत्र विशम्भर सुरौधा, बबली केवट पुत्र अदालती केवट मवईकला व भानू भौकाल उर्फ त्रिपुरेश पुत्र उमाशंकर मवईकला के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। एसपी के निर्देश पर बडे पैमाने पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही से अराजकतत्वों में खलबली मची है।

### लोस चुनाव में भाजपा को सबक सिखायेगी जनताः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार हो या केंद्र सरकार खुद का इनका कोई काम नहीं है। जनता को बताने को दूसरे के कामों का फीता काट रहे हैं। जनता को अपना काम बताकर गुमराह कर रहे हैं। जनता सब जानती है- लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखायेगी। रविवार को सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि चित्रकूट हवाई पट्टी की नींव नेताजी मुलायम सिंह सरकार में रखी गई थी। विस्तारीकरण 2013 में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में हुआ है। सपा शासन में जिला स्टेडियम, रोप वे, बस स्टॉप, फोर लेन सड़क, चित्रकूट परिक्रमा पथ विस्तारीकरण, रामघाट विस्तारीकरण, दो नई तहसीलें, भजन संध्या, कर्वी स्थित गल्ला मंडी विस्तारीकरण, ओवर ब्रिज आदि सारे कार्य 2012 से 2017 में अखिलेश सरकार में हुये हैं। देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री इन कामों में केवल अपनी फोटो जरूर लगा दिये हैं। जनता सब जानती है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखायेगी।



सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव।

### संयुक्त टीम ने मेले में की जांच

**चित्रकूट।** फागुन माह के अमावस्या व देवांगना एयरपोर्ट के शुभारम्भ पर एस जांच टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर जांच की। रविवार को फागुन माह की अमावस्या मेले में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में एस जांच टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू संयुक्त टीम ने अमावस्या पर्व व चित्रकूट एयरपोर्ट के शुभारम्भ पर सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, रामायण मेला परिसर, परिक्रमा मार्ग, एयरपोर्ट परिसर आदि स्थानों पर जांच की। ये जांच एहतियातन की गई है। टीम को कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## चुनावी घोषणा पत्र में लें बाल विवाह समाप्तिः शंकरदयाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जन कल्याण शिक्षण समिति के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि 18 वर्ष उम्र तक निःशुल्क शिक्षा व अनिवार्य शिक्षा से 2030 तक बाल विवाह समाप्त हो सकते हैं। प्रदेश व देश के राजनीतिक दलों से इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का अनुरोध किया है।

रविवार को जन कल्याण शिक्षण समिति के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला पखवाड़े पर जारी भारत में लड़कियों के विवाह की आयु बढ़ाने व शिक्षा बाबत भूमिका खोज शोध पत्रिका में बाल विवाह मुक्त भारत के 160 गैर सरकारी संगठन शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा कि 2030 तक भारत में बाल विवाह समाप्त करने व इस अपराध को समाप्ति को अंतिम बिंदु तक पहुंचाने की राह में हैं। मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा हकीकत बनती है तो गति और दिशा मिल सकती है। शोधकर्ता पुरूजीत पहराज ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत में तीन सौ से अधिक जिलों में सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 2030 तक देश से सामाजिक अपराध को समाप्त करना है। पचास हजार बाल विवाह रोके गये हैं। दस हजार विवाहों पर कार्रवाई शुरू है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सहयोगी संस्था जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने मांग की है कि सामाजिक अपराध की समाप्ति को केंद्र व राज्य सरकारें इच्छा शक्ति जतायें। मजबूत कदम उठाकर बाल विवाह को रोकें।

### दस लीटर महुआ शराब समेत महिला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा सुरेन्द्र कुमार ने कमला देवी पत्नी मनोज केवट निवासी चिल्लीराकस के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा सुरेन्द्र कुमार, दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, सिपाही चन्दन विश्वकर्मा व महिला सिपाही रीना यादव शामिल रहे।

# थाईवान जलडमरुमध्य के दोनों तटों के बीच मिश्रित विकास बढ़ाएं




**बीजिंग।** 14वीं चीनी राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के दूसरे पूर्णाधिवेशन के दौरान शनिवार सुबह थाईवान प्रतिनिधिमंडल के खुले सम्मेलन का आयोजन हुआ।

एनपीसी के प्रतिनिधियों ने सर्वोच्च जन न्यायालय व सर्वोच्च प्रक्यूरोटोरेट की रिपोर्टों और थाईवान जलडमरुमध्य के दोनों तटों के बीच मिश्रित विकास आदि विषयों पर चर्चा की। इसके साथ उन्होंने थाईवानी बंधुओं की भलाई, विशेषकर न्यायिक हित बढ़ाने पर सक्रियता से सुझाव दिए।

एनपीसी की प्रतिनिधि छन युनयिंग ने कहा कि विभिन्न स्तरीय न्यायालय और थाईवान के संबंधित विभागों के साथ समन्वय मजबूत करने के लिए सर्वोच्च जन न्यायालय के शोध कार्यालय ने ऑल-चाइना फेडरेशन ऑफ थाइवान कॉम्पिट्रियट्स के थाईवानी बंधु मामला विभाग के साथ संपर्क व्यवस्था स्थापित की।

देश भर के थाईवानी बंधु जब तक कानून के प्रयोग से अपने हितों की रक्षा करना चाहते हैं, तब तक हर प्रांत में संपर्क व्यवस्था से सुविधा मिलेगी। इस साल की सरकारी कार्य रिपोर्ट में कहा गया है कि थाईवान जलडमरुमध्य के दोनों तटों के बीच मिश्रित विकास मजबूत किया जाएगा और देशबंधुओं की भलाई बढ़ाई जाएगी, ताकि एक साथ चीनी राष्ट्र के महान पुनरुत्थान का कार्य साकार हो सके।

# दूसरी बार पाकिस्तान के प्रेसिडेंट चुने गए आसिफ अली जरदारी



**इस्लामाबाद।** पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई को हराकर पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आसिफ अली जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि महमूद खान अचकजई को केवल 181 वोट मिले।

68 वर्षीय आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान की दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पिता हैं।

2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रह चुके आसिफ अली जरदारी को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का समर्थन हासिल था।

वो आरिफ अल्वी की जगह लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल खत्म हो गया। हालांकि, आरिफ अल्वी पद पर बने रहे, क्योंकि नए निर्वाचक मंडल का गठन नहीं हुआ था।

इससे पहले बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि आसिफ अली जरदारी एक बार फिर राष्ट्रपति बनेंगे।

एक्स पर एक पोस्ट में बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, "सरदार बना वो जरदारी, फिर सदर बनेगा जरदारी। दम मस्त कलंदर जरदारी।"

# बांग्लादेश में नगर निगम, पालिका और स्थानीय निकाय चुनाव के लिए हो रहा है मतदान



**ढाका।** बांग्लादेश में नगर निगम, पालिका और स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान आज सुबह आठ बजे शुरू हो गया। मतदाता शाम चार बजे तक अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाता मैमनसिंह और कोमिला शहर निगम सहित छह नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के 200 से अधिक पदों पर किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इनमें सिर्फ कोमिला सिटी कॉरपोरेशन में मेयर पद के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। मैमनसिंह नगर निगम में मेयर और पार्षद के सभी पदों के लिए मतदान हो रहा है। मैमनसिंह नगर निगम में यह दूसरा चुनाव है। इसके अलावा पटुआखाली जिले की पटुआखाली नगर पालिका, जमालपुर जिले की बख्शीगंज नगर पालिका और बरगुना जिले की अमताली नगर पालिक चुनाव के लिए वोटिंग हो रही है। मैमनसिंह जिले की त्रिशाल नगर पालिका, मुंशीगंज जिले की मुंशीगंज नगर पालिका और बोगरा जिले की शिबगंज नगर पालिका में मेयर पद के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। चुनाव आयोग के जनसंपर्क निदेशक शरीफुल आलम ने कहा कि नगर पालिका, जिला परिषद और नगर निगम चुनाव में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से कराया जा रहा है। बाकी जगह चुनाव मतपत्रों का इस्तेमाल हो रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# हौथी ने मालवाहक जहाज व अमेरिकी युद्धपोतों पर ताजा हमले का किया दावा



**सना।** यमन के हौथी समूह ने सिंगापुर के झंडे वाले एक मालवाहक जहाज और लाल सागर व अदन की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों पर हमले का दावा किया है। समूह का यह भी कहना है कि मालवाहक जहाज भी अमेरिका का था।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हौथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने एक बयान में शुक्रवार को हुए हमले की जिम्मेदारी ली।

सारेया ने कहा कि उनकी सेना ने दो अभियान चलाए। पहले में अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज प्रोपेल फॉर्च्यून को निशाना बनाया गया, जबकि दूसरे अभियान में लाल सागर और खाड़ी में कई अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाया गया।"

सारेया ने कहा, "जब तक इजराइल गाजा में फिलिस्तीनी लोगों पर हमला और नाकाबंदी बंद नहीं कर देता, तब तक हम लाल सागर और अदन की खाड़ी में अपना अभियान जारी रखेंगे।"

इस बीच, यूएस सेंट्रल कमांड ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि प्रोपेल फॉर्च्यून सिंगापुर का जहाज है और हमले से इसे कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि हौथी पिछले साल नवंबर के मध्य से लाल सागर और अदन की खाड़ी में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए है।

# नेपाल : 13 मार्च को बहुमत साबित करेगी प्रचण्ड सरकार

**नेपाल।** नेपाल में सत्ता गठबन्धन में आए परिवर्तन के बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड एक बार फिर से सदन में अपना बहुमत साबित करने जा रहे हैं। इसके लिए 13 मार्च का समय निश्चित किया गया है। प्रचण्ड की माओवादी पार्टी ने व्हीप जारी करते हुए अपने सांसदों को 13 मार्च तक काठमांडू ना छोड़ने की सलाह दी है।

सत्तारूढ़ दल माओवादी पार्टी की आज हुई संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को विश्वास का मत लेने का निर्णय किया गया। पार्टी बैठक के बाद प्रवक्ता पम्फा भूषाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के तरफ से संसद में अपना बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने अनी सरकार के द्वारा जल्द से जल्द विश्वास का मत लेने की बात कही गई। संसद की अगली बैठक 13 मार्च को है इसलिए उसी दिन विश्वास का प्रस्ताव सदन में पेश करने की बात तय हुई है। बैठक में प्रचण्ड ने सांसदों से कहा कि हमारी सरकार को अस्थिर करने के लिए और इस गठबन्धन को तोड़ने के लिए कई देशी विदेशी शक्तियां सक्रिय हैं। इस तरह के सभी प्रकार के प्रयास को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द विश्वास का मत लेना जरूरी है।

माओवादी पार्टी के तरफ से अपने सांसदों के लिए व्हीप जारी कर दिया गया है। पार्टी के प्रमुख सचेतक हितराज पाण्डे ने व्हीप जारी करते हुए पार्टी के सांसदों को काठमांडू से बाहर नहीं जाने को कहा है। 13 मार्च तक काठमांडू में ही रहने के लिए सभी सांसदों को निर्देश दिए गए हैं।

# आयकर विभाग वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम कर के लिए चलाएगा ई-अभियान




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम कर के लिए ऑनलाइन अभियान चलाएगा। इसके साथ ही विभाग ने उन करदाताओं को ई-मेल और एसएमएस भेजना शुरू कर दिया है, जिनका चालू वित्त वर्ष के दौरान दिया गया कर उनके वित्तीय लेन-देन के अनुरूप नहीं है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आयकर विभाग एक ई-अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों या इकाइयों को महत्वपूर्ण वित्तीय लेनदेन के बारे में ई-मेल (आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अग्रिम कर ई-अभियान-महत्वपूर्ण लेन-देन के रूप में चिह्नित) और एसएमएस से सूचित करना है। इस अभियान का मकसद उनसे अपने अग्रिम कर की गणना करने, कर देनदारी सही से भरने और बकाया अग्रिम कर 15 मार्च या उससे पहले जमा करने का आग्रह करना है। मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि आयकर विभाग को चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विशिष्ट वित्तीय लेन-देन पर कुछ जानकारी मिली है। सीबीडीटी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान अब तक भुगतान किए गए करों के विश्लेषण के आधार पर आयकर विभाग ने ऐसे व्यक्तियों या इकाइयों की पहचान की है, जिनके वित्त वर्ष 2023-24 और आकलन वर्ष 2024-25 के लिए करों का भुगतान उनके वित्तीय लेन-देन के अनुरूप नहीं है। विभाग की ये पहल करदाताओं के लिए अनुपालन को सुगम बनाने और करदाता सेवाओं को बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# गाजा में तबाही का तांडव, इजराइली हमले में 13 की मौत



**गाजा।** फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मध्य गाजा में नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक मकान को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में बच्चों सहित 13 फिलिस्तीनी मारे गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजराइली विमानों ने एक मकान को निशाना बनाया। इससे वह नष्ट हो गया और पड़ोसी मकानों को भी नुकसान पहुंचा।

इस बीच, फि लिस्तीनी विदेश और प्रवासी मंत्रालय ने इजराइल पर गाजा की पूरी आबादी को मौत की तरफ धकेलने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इजराइल अंतरराष्ट्रीय नियमों व कानूनों को नजरअंदाज कर रहा है। इससे पहले शनिवार को, गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 30,960 हो गई है और 72,524 घायल हुए हैं।

# कनाडा सरकार के मुआवजे से इस व्यक्ति के जासूस होने की पुष्टि हुई

**बीजिंग।** कनाडाई मीडिया ने हाल ही में यह खबर दी कि कनाडा सरकार ने एक कनाडाई व्यापारी माइकल स्पावर के साथ एक सुलह की है, जिससे चीन में जासूसी के संदेह में लगभग तीन साल तक जेल में रहने के लिए उन्हें "मुआवजा" मिला।




इस खबर के अनुसार दोनों पक्षों के बीच अंतिम समझौता राशि 70 लाख कनाडाई डॉलर है। वर्ष 2018 में माइकल की गिरफ्तारी के बाद से, कनाडाई सरकार चीन की "मनमाने ढंग से हिरासत" को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है। इस बार इसे चेहरे पर तमाचा कहा जा सकता है।

विश्लेषकों ने बताया कि तथाकथित "सुलह" और "मुआवजा" केवल यह दर्शाता है कि कनाडाई सरकार कुछ छिपा रही है, और यह भी पुष्टि करता है कि माइकल एक जासूस है जो कनाडाई सरकार की सेवा कर रहा है।

कनाडाई नागरिक ने बताया: "इस मामले में सरकार द्वारा किया गया कोई भी मुआवजा दिखाता है कि वह कुछ छिपाने की कोशिश कर रही है।" वास्तव में, एक जासूस के रूप में माइकल की पहचान लंबे समय से निर्धारित की गई है, और उसने स्वयं अपराध के तथ्यों को कबूल किया है। लेकिन, कनाडा सरकार ने इसे मानने से इनकार किया है। इस बार उसका झूठ उजागर हो गया। देखिए माइकल ने चीन में क्या किया।

चीनी सुरक्षा एजेंसी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, माइकल लंबे समय से चीन और डीपीआरके के बीच सीमा क्षेत्र में सक्रिय थे और पूर्व कनाडाई राजनयिक माइकल कोवरिग की सहायता कर- के प्रासंगिक खुफिया जानकारी इकट्ठा करते थे। उसने अवैध रूप से चीन में चीनी सैन्य उपकरणों की तस्वीरें और वीडियो लिए और उन्हें चीन में स्थित कनाडाई दूतावास को दिया।

पुष्टि के बाद, विदेश में उक्त दो व्यक्तियों द्वारा प्रदान की गई खुफिया जानकारी में कई गोपनीय राज्य रहस्य शामिल हैं और उन पर विदेश में जासूसी करने और अवैध रूप से राज्य रहस्य प्रदान करने का अपराध करने का संदेह है। वर्ष 2018 में दोनों को चीन में गिरफ्तार किया गया था। सितंबर 2021 में, दोनों ने बीमारी के कारण से सुनवाई लंबित रहने तक जमानत के लिए आवेदन किया और संबंधित चीनी अदालतों ने कानून के अनुसार इसे मंजूरी दे दी। इसके बाद, उन्हें चीन से निर्वासित कर दिया गया।

# भारतीय व्यवसायी का अपहरण कर नेपाल में फिरौती वसूलने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**काठमांडू।** भारत के सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापारियों का अपहरण कर नेपाल में लाने और उनसे फिरौती वसूलने वाले गिरोह के सरगना को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स भारत का निवासी है। भारत के सीमावर्ती सीतामढ़ी से लेकर जोगबनी तक के व्यापारियों का अपहरण कर लाखों रुपये वसूलने के आरोप में भारतीय नागरिक राजन मांझी को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महोत्तरी और मोरंग पुलिस के संयुक्त अभियान में मोरंग जिले के कंचनबारी से मांझी को गिरफ्तार किया गया। मोरंग पुलिस के डीएसपी और इस ऑपरेशन के इंचार्ज राजन दाहाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि कई दिनों से एक छोटे से होटल में रह कर अपहरण गिरोह चलाने वाले मांझी की गिरफ्तारी एक बडी उपलब्धि है। बिहार पुलिस ने मांझी की गिरफ्तारी के लिए कहा था। मांझी पर सीतामढ़ी के दो, जोगबनी के तीन और सुपौल के दो व्यवसायियों के अपहरण करने का आरोप है। डीएसपी दाहाल ने बताया कि बिहार से अपहरण कर नेपाल के विभिन्न स्थानों पर बंधक बनाकर रखा जाता था। उसके बाद नेपाली नंबर से ही फिरौती मांग कर नेपाल में ही फिरौती वसूला जाता था। पिछले कई महीनों से एक के बाद एक अपहरण की घटना बढ़ने के बाद बिहार पुलिस ने जांच में पाया कि अपहरणकर्ता नेपाल से ही गिरोह का संचालन करते थे। बिहार पुलिस की तरफ से मांझी के फोन लोकेशन के आधार पर उसके नेपाल के मोरंग जिले में छिपे होने की जानकारी नेपाल पुलिस को दी गई थी। बाद में नेपाल में प्रदेश पुलिस और मोरंग तथा महोत्तरी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। कई दिनों के प्रयास के बाद अन्ततः मांझी को पकड़ने में कामयाबी मिली है। मांझी को मोरंग के जिला अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। महोत्तरी पुलिस ने बताया कि मांझी पर स्थानीय पुलिस थानों में भी कई मामले दर्ज हैं। इस कारण उसे फिर से कस्टडी में लिया जाएगा।

# कैबिनेट की मंजूरी के बाद भारत और 4 देशों के ईएफटीए के बीच हुआ मुक्त व्यापार

**नई दिल्ली।** भारत और 4 देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र को शामिल किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में भारत-ईएफटीए ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करके दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई थी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। भारत के साथ समझौता करने वाले ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

गोयल ने समझौते के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाओं में पूरकताएं हैं। उन्होंने कहा कि विशाल व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ ही हमारा विश्वास महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गया है। गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत व्यापार खोलने के साथ-साथ युवाओं के लिए विकास और रोजगार पैदा करने के हमारे साझा समझौते का प्रतीक है। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि भारत और ईएफटीए के साथ हुए समझौते में सामान सेवाएं और निवेश, आईटी, ऑडियो-विजुअल और कुशल पेशेवरों जैसे प्रमुख घरेलू सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसमें निवेश और निर्यात को बढ़ावा देना प्रमुख हैं। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया। भारत-ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे।

भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर रहा था, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 27.23 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब डॉलर था। इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है।